दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 306
कोटद्वार शुक्रवार
17 मार्च 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है,
अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## राहुल गांधी को दिल्ली पुलिस ने जारी किया नोटिस

### यौन उत्पीड़न पीड़ितों की डिटेल्स को लेकर पूछे कई सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को नोटिस जारी कर उन पीड़ितों के बारे में जानकारी देने को कहा, जो राहुल गांधी के पास यौन उत्पीड़न के बाद सुरक्षा की मांग को लेकर आए थे। दरअसल, यह मामला श्रीनगर में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी द्वारा दिए बयान को लेकर है। राहुल गांधी ने कहा था कि यौन उत्पीड़न की पीड़िता ने उनसे सुरक्षा प्रदान कराने के लिए संपर्क किया था। दिल्ली पुलिस ने इसे लेकर ही नोटिस जारी करते हुए पीड़िता की जानकारी मांगी है।

राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान श्रीनगर में एक बयान दिया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि वो दुष्कर्म पीड़िता से मिले। राहुल गांधी ने पीड़िता से पूछा था कि दुष्कर्म को लेकर क्या पुलिस को बुलाया जाए, जिसके जवाब में पीड़िता ने कहा था ऐसा करने से उनकी बदनामी होगी। बता दें कि दिल्ली पुलिस ने राहुल गांधी से कई सवाल पूछ है। राहुल गांधी को दिल्ली पुलिस ने सवालों की सूची भेजी है।

### अदाणी पर कुछ सवाल पूछे थे, इसलिए किया जा रहा हंगामा-राहुल



**नई दिल्ली , एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी गुरुवार को संसद पहुंचे। यहां उन्होंने लोकसभा की कार्यवाही में भाग भी लिया। हालांकि, भाजपा और विपक्ष के बीच टकराव के चलते सदन की कार्यवाही स्थगित हो गई, जिसकी वजह से राहुल को बोलने का मौका भी नहीं मिला।

गौरतलब है कि भाजपा ने उन पर लंदन में देश विरोधी बयान देने का आरोप लगाया है। इस पर राहुल ने कहा है कि अगर सभापति ने उन्हें मौका दिया तो वे मामले पर जरूर बोलेंगे। इसी मांग के साथ बाद में राहुल ने लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला से मुलाकात भी की।

उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि कल मुझे संसद में बोलने दिया जाएगा। आज मेरे पहुंचने के एक मिनट के अंदर ही सदन स्थगित हो गया था। कुछ दिन पहले सदन में जो मैंने भाषण दिया। अदाणी को लेकर जो सवाल उठाए गए उसे हटा दिया गया। पूरे भाषण को ही हटा दिया गया। सरकार हंगामा कर के मामले से ध्यान हटाना चाहती है।

राहुल ने कहा कि सरकार के चार मंत्रियों ने हंगामे का नेतृत्व किया। यह सब मेरे सवालों के जवाब देने से बचने के लिए किया जा रहा है। मैं सांसद हूं तो मेरी पहली जिम्मेदारी संसद में जवाब देने की है। इसलिए पहले मैं संसद में जवाब दूंगा, उसके बाद ही आपसे रूबरू होऊंगा और विस्तार से बात करूंगा।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि आज मेरे पहुंचने के एक मिनट बाद सदन को स्थगित कर दिया गया। कुछ दिन पहले जो मैंने सदन में नरेंद्र मोदी और अदाणी के रिश्ते पर जो भाषण दिया, उसे सदन की कार्रवाई से हटा दिया गया। वह भाषण ही हटा दिया गया था। भाषण में ऐसा कुछ भी नहीं था, जिसे मैंने सार्वजनिक रिकॉर्ड से न निकाला हो।

राहुल गांधी ने कहा कि सरकार और प्रधानमंत्री अदाणी मामले को लेकर डरे हुए हैं, इसलिए उन्होंने यह 'तमाशा' तैयार किया है। मुझे लगता है कि मुझे संसद में बोलने नहीं दिया जाएगा। मुख्य सवाल यह है कि पीएम मोदी और अदाणी के बीच क्या संबंध है।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि जैसा कि संसद में आरोप लगाए गए हैं, ऐसे में बोलने का अवसर मिलना मेरा लोकतांत्रिक अधिकार है। अगर भारतीय लोकतंत्र काम कर रहा होता तो मैं संसद में बोल पाता। वास्तव में आप जो देख रहे हैं वह भारतीय लोकतंत्र की परीक्षा है।

## शारदा नदी में कूदने जा रही महिला को बचाया

**चम्पावत।** शारदा नदी में कूदने जा रही एक महिला को ठुलीगाड़ पुलिस ने समय रहते बचा लिया। महिला उसके दोस्त के साथ हुए झगड़े के बाद यह कदम उठाने जा रही थी। जानकारी के अनुसार बुधवार को कानपुर, यूपी निवासी किरन अपने दोस्त के साथ मां पूर्णागिरि दर्शन करके घर लौट रही थी। ठुलीगाड़ चौकी प्रभारी दिलवर सिंह भंडारी ने बताया कि स्थानीय लोगों की सूचना पर एक महिला चूका रोड पर शारदा नदी के किनारे संदिग्ध हालत में बरामद हुई। चौकी प्रभारी ने बताया कि महिला पूर्णागिरि दर्शन को अपने मित्र हंसराज के साथ आई थी। बताया कि किसी बात को लेकर उसका अपने मित्र हंसराज के साथ झगड़ा हो गया। जिसके बाद वह शारदा नदी में कूदने गई थी। चौकी प्रभार भंडारी ने दोनों की काउंसलिंग कर महिला को उसके मित्र हंसराज के सुपुर्द कर दिया।

## तेजस्वी यादव को हाईकोर्ट से झटका, सीबीआई ने चौथी बार 25 मार्च को किया तलब

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गुरुवार को नौकरी के बदले जमीन मामले में बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को चौथा समन जारी किया। उन्हें 25 मार्च को जांच एजेंसी के सामने पेश होने को कहा गया है। बता दें, इस पेशी के समन को रद्द करने के लिए तेजस्वी यादव ने दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। लेकिन दिल्ली हाईकोर्ट ने उनकी इस मांग को ठुकरा दिया है।

तेजस्वी अब तक तीन समन टाल चुके हैं। इससे पहले उन्हें 4, 11 और 14 मार्च को जांच में शामिल होने के लिए समन भेजा गया था। पिछली बार तेजस्वी पत्नी की तबीयत का हवाला देकर जांच में शामिल नहीं हुए थे। जांच एजेंसी ने हाल ही में इस मामले में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री लालू प्रसाद से पूछताछ की थी।

सीबीआई ने आरोप लगाया है कि जांच के दौरान यह पाया गया कि आरोपियों ने मध्य रेलवे के तत्कालीन जीएम और सीपीओ के साथ मिलकर साजिश रची और लालू के करीबी रिश्तेदारों के नाम पर जमीन के बदले लोगों को नियुक्त किया।

## संभल में बड़ा हादसा: कोल्ड स्टोर की छत ढही, 25 लोगों के दबे होने की आशंका

**लखनऊ ,(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में एक बड़ा हादसा हुआ है। जनपद में आज एक कोल्ड स्टोरेज की छत ढह गई। इस इमारत के गिरने से करीब 25 लोग मलबे में दब गए हैं। हादसे की जानकारी मिलते ही आला अफसर मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया।

संभल में गुरुवार दिन में उस वक्त हड़कंप मच गया जब यहां एक कोल्ड स्टोर की छत अचानक ढह गई। प्रथम जानकारी के अनुसार इस हादसे में करीब 20-25 लोगों के छत के नीचे दबने की आशंका जताई जा रही है।

यह घटना फैजगंज के बेहटा थानाक्षेत्र के ओरछी की बताई जा रही है।

## 8 अप्रैल से शुरू होगी प्रदेश में संस्कृत बोर्ड परीक्षा

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा परिषद की पूर्व मध्यमा (हाईस्कूल) और उत्तर मध्यमा (इंटर) की परीक्षाएं 8 अप्रैल से शुरू होंगी। इसके लिए बोर्ड ने राज्यभर में 25 परीक्षा केंद्र बनाए हैं, जिनमें 1579 छात्र परीक्षा देंगे। कुमाऊं में पिथौरागढ़, हल्द्वानी, अल्मोड़ा समेत सात स्थानों पर परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। संस्कृत बोर्ड की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार 8 अप्रैल को पूर्व मध्यमा की अनिवार्य संस्कृतम और इंटर की हिन्दी विषय की परीक्षा होगी। पूर्व माध्यमा की परीक्षा 21 अप्रैल व उत्तर मध्यमा की 20 अप्रैल को अंग्रेजी विषय के साथ संपन्न होगी। परीक्षा का समय सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक का निर्धारित किया गया है। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से आधा घंटा पहले परीक्षा केंद्र पहुंचना होगा। बोर्ड के सचिव डॉ. वाजश्रवा आर्य ने बताया कि राज्य में इस बार पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष में 634 और उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष में 945 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। कुमाऊं में श्री मां कामाख्या नर्मदेश्वर संस्कृत विद्यालय कैलास आश्रम, सुवाकोट, वड्डा (पिथौरागढ़), वाराही देवी संस्कृत विद्यालय देवीधुरा (चम्पावत), श्री शक्ति पीठाश्रम संस्कृत विद्यालय मल्ली मानिला (अल्मोड़ा), श्री कल्याणिका वेद वेदांग संस्कृत विद्यापीठम कनरा डोल (अल्मोड़ा), श्री महादेव गिरी संस्कृत महाविद्यालय हल्द्वानी (नैनीताल), पंडित देवी दत्त दुर्गादत्त पांडेय संस्कृत विद्यापीठ रामनगर (नैनीताल) को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

### ऑक्सफोर्ड का बुलावा ठुकराकर वरुण गांधी का राहुल पर परोक्ष वार, बोले-

## विदेश में सरकारी नीतियों की आलोचना सही नहीं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** समय-समय पर अपनी ही सरकार के निर्णयों पर प्रश्न खड़े करने वाले भाजपा सांसद वरुण गांधी को बेशक अभी भी मोदी सरकार की प्रशंसा करने में हिचक है, लेकिन वह विदेशी धरती से आलोचना के खिलाफ हैं। राहुल को कैंब्रिज से निमंत्रण आया था, जहां भारतीय लोकतंत्र पर उठाए गए सवाल के बाद वह घेरे में हैं।

वहीं, वरुण को ऑक्सफोर्ड से निमंत्रण आया तो उन्होंने यह कहते हुए ठुकरा दिया कि उन्हें कई मुद्दों पर असहमति हो सकती है, लेकिन वह विदेश जाकर सरकारी की नीतियों की आलोचना को सही नहीं मानते हैं। आंतरिक चुनौतियों पर बाहर विमर्श राष्ट्रहित के खिलाफ है।

उन्होंने बेशक राहुल का नाम नहीं लिया, लेकिन अपनी राय जरूर स्पष्ट कर दी कि कैंब्रिज में राहुल के बयानों को वह गलत मानते हैं। ऑक्सफोर्ड यूनियन के प्रेसीडेंट मैथ्यू डिक की ओर से 'मोदी का भारत सही रास्ते पर है' विषय पर चर्चा के लिए निमंत्रण आाया था।

इस निमंत्रण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्व में मजबूत हुई भारत की छवि, तमाम सुधारों की बात है तो चर्चा के लिए यह बिंदु भी शामिल कर दिए गए हैं कि कुछ लोग आरोप लगाते हैं कि मोदी प्रशासन से किसान असंतुष्ट हैं, भाजपा ध्रुवीकरण की राजनीति कर रही है और सांप्रदायिक समूहों के बीच टकराव की स्थिति है।

ऑक्सफोर्ड यूनियन के इस निमंत्रण को वरुण गांधी ने अस्वीकार कर दिया है। पिछले कुछ महीनों से सरकार की आलोचना कर रहे वरुण ने विकास का श्रेय पिछले सात दशकों की सभी सरकारों को दिया, लेकिन अपने विचार अंतरराष्ट्रीय मंच से प्रसारित करने को सही नहीं मानते हुए इसे अस्वीकार कर दिया।

## सीमाओं की सुरक्षा हेतु सड़क और बुनियादी सुविधाएं जरूरी : त्रिवेंद्र रावत

**देहरादून।** सीमाओं की सुरक्षा के लिए वहां तक जाने वाली सड़कें और आसपास के गांवों में बुनियादी सुविधाएं अच्छी होना बेहद जरूरी है। खासकर सामरिक महत्व से संवेदनशील उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्यों के लिए ये सबसे बड़ी चुनौती है। ये बात पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत ने गुरुवार को दून विश्वविद्यालय में प्रथम सीडीएस जनरल बिपिन रावत की जयंती के अवसर पर सीमांत सुरक्षा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा पर आयोजित व्याख्यान के दौरान कही। पूर्व सीएम त्रिवेंद्र ने कहा कि महान विभूतियों की जयंती पर गंभीर चिंतन किए जाने की आवश्यकता है ताकि आने वाली पीढ़ियां उनसे प्रेरणा ले सकें। उन्होंने बताया कि जनरल बिपिन रावत के साथ काम करने का उनको भी अवसर मिला था। जिसमें उन्हें दिखा कि जनरल रावत में एक विशेषता और खुलापन था। उनके अंदर निर्णय लेने की एक अद्भुत क्षमता थी। उन्होंने भारतीय सेना के सुधार में बहुत सारे कार्य किए। इसीलिए आज हम अपने देश की सीमाओं की रक्षा करने में पहले की तुलना में ज्यादा सशक्त है। विश्व संवाद केंद्र के प्रमुख विजय कुमार ने कहा कि सीमाओं को सुरक्षित रखना बहुत जरूरी है। अन्यथा देश की सीमाएं सिमट कर रह जाती हैं।

उन्होंने बताया कि प्राचीन समय में भारतवर्ष की सीमाएं समस्त हिमालय क्षेत्र से लेकर अफगानिस्तान, ईरान, पाकिस्तान, और म्यानमार तक फैली हुई थी। लेकिन वर्तमान में भारत की सीमाएं सिमट गई है। मेजर जनरल (सेवानिवृत) आनंद सिंह रावत ने कहा कि जनरल बिपिन रावत युवाओं के लिए सदैव ही प्रेरणा स्रोत रहेंगे।सीडीएस बिपिन रावत तीव्र बुद्धि के थे और वह लोगों की प्रतिभा आसानी से पहचान लेते थे।

## अरुणाचल में भारतीय सेना का चीता हेलीकॉप्टर क्रैश, हादसे में दोनों पायलटों की गई जान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय सेना का चीता हेलीकॉप्टर गुरुवार को अरुणाचल प्रदेश के मंडला पहाड़ी इलाके के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में हेलीकॉप्टर में सवार दोनों पायलटों की मौत हो गई। इससे पहले, पायलटों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था। सेना के अधिकारियों ने कहा कि भारतीय सेना का चीता हेलीकॉप्टर आज अरुणाचल प्रदेश के मंडला पहाड़ी इलाके के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। हादसे में विमान में सवार दोनों पायलटों की मृत्यु हो गई। अधिकारियों ने कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश दिए हैं इससे पहले, पीआरओ डिफेंस गुवाहाटी के लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने जानकारी देते हुए बताया था कि अरुणाचल प्रदेश के बोमडिला के पास एक ऑपरेशन सॉर्टी के दौरान आर्मी एविएशन चीता हेलीकॉप्टर का आज सुबह करीब 09.15 बजे एटीसी से संपर्क टूटने की सूचना मिली थी।

## गैरसैंण(भराड़ीसैण) क्षेत्र को प्राथमिकता के आधार पर बढ़ा रहे आगे: मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने राजकीय इंटर कॉलेज भराड़ीसैंण में सुदृढ़ीकरण, आर्ट-क्राफ्ट कक्ष एवं पुस्तकालय कक्ष का किया लोकार्पण



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को राजकीय इंटर कॉलेज भराड़ीसैंण में सुदृढ़ीकरण, आर्ट-क्राफ्ट कक्ष एवं पुस्तकालय कक्ष का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को फूलदेई पर्व की शुभकामनाएं देते हुए विधानसभा परिसर भराड़ीसैंण में इस अवसर पर आने के लिए बच्चों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि आपके विधानसभा परिसर में आने से वहां एक एक अलग प्रकार की ऊर्जा आ गईं इस दौरान मुख्यमंत्री ने बोर्ड की परीक्षाएं प्रारंभ होने पर भी बच्चों को शुभकामनाएं दी और कहा कि सभी छात्र अच्छे अंको से उत्तीर्ण हों ऐसी उनकी शुभकामनाएं हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम जो छात्र देखने से रह गए अगर वह अभी भी उसे देखेंगे तो उनका बहुत अच्छा मार्ग-दर्शन होगा। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में ये बच्चे देश-प्रदेश का नाम रोशन करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि जिन्होंने भी इतिहास बनाया वे सब सामान्य स्थिति में पले बढ़े हैं। नई शिक्षा नीति में आज बहुत सारे काम हो रहे हैं। नई शिक्षा नीति लागू करने वाले उत्तराखंड देश का पहला राज्य है। क्षेत्रीय विधायक अनिल नौटियाल की निधि से विद्यालय के सामान हेतु 5 लाख रुपये दिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर हम इस क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत, विधायक अनिल नौटियाल आदि उपस्थित रहे।

## जिस पद पर मैं हूं वह गरिमा का पद, मजाक करने का नहीं: स्पीकर



**भराड़ीसैंण।** भराड़ीसैंण विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने कहा कि हर व्यक्ति का काम करने का अपना तरीका होता है। जिस पद पर मैं हूं वह बहुत ही गरिमा का पद है। स्पीकर का कोई ऐसा पद नहीं कि मजाक करें। बृहस्पतिवार को ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के भराड़ीसैंण में चल रहे बजट सत्र के चौथे दिन सदन में जाने से पहले स्पीकर ऋतु खंडूड़ी भूषण ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कुछ लोगों को लगता है कि मैं सख्त और अनुशासित हूं, तो मैं ऐसी ही हूं।

कांग्रेस विधायक आदेश चौहान ने विशेषाधिकार हनन मामले में अफसरों पर सदन को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उनके इस आरोप का संज्ञान लेते हुए विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने जांच का आदेश दे दिया। उन्होंने कहा कि यदि सदन को गुमराह करने का मामला पाया गया तो इसमें कड़ी कार्रवाई जाएगी। बता दें कि आदेश चौहान के विशेषाधिकार हनन मामले में सदन में काफी हंगामा हुआ था और कांग्रेस के 15 विधायक एक दिन के लिए निलंबित कर दिए गए थे। काफी मशक्कत के बाद गतिरोध टूटा। इस मामले में चौहान ने जो आरोप लगाए थे, उनके जवाब में सरकार ने सदन में जानकारी रखी थी। बृहस्पतिवार को विशेषाधिकार की अवहेलना मामले में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने यह मामला उठाया। उन्होंने कहा कि चौहान के मामले में न्यायालय में चार्जशीट दी गई है जबकि न्यायालय में कोई चार्जशीट दायर नहीं है। विधायक चौहान ने भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि अफसरों की ओर से पीठ को यह जानकारी दी गई कि विधायक चौहान के पास एक ही गनर है और न्यायालय में वाद दायर है।

चौहान कहा कि पिछले पांच साल में उनके पांच गनर बदले गए। छह महीने से उनके पास गनर नहीं है। उन्होंने आरटीआई से मिली सूचना के आधार पर कहा कि न्यायालय में भी उन पर कोई वाद दायर नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने गलत जानकारी देकर सदन को गुमराह किया। उन्होंने स्पीकर से संरक्षण मांगा और मामले में संज्ञान लेने का अनुरोध किया। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह बेहद गंभीर विषय है। अगर सदन को गलत जानकारी दी गई है, तो इसकी जांच कराई जाएगी। यदि जांच में पाया गया कि सदन को गुमराह किया गया है, तो इस मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## यमुनोत्री धाम की यात्रा व्यवस्था को दुरुस्त करने में जुटा प्रशासन

उत्तरकाशी। यमुनोत्री धाम की यात्रा व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए जिला और पुलिस प्रशासन तैयारियों में जुट गए है। यात्रा के दौरान बिना पंजीकरण के घोड़े खच्चर ,डण्डी कण्डी संचालकों पर यात्रा मार्ग पर प्रतिबन्ध रहेगा, जबकि इस साल प्रीपेड व्यवस्था की कार्य योजना विभाग ने बना ली है। खाली प्लास्टिक बोतलों को जमा करने वालों को प्रशासन ने पैसा देने का ऐलान किया है। मालूम हो कि 22 अप्रैल अक्षय तृतीया को मां यमुना के कपाट खुलेंगे। इस बार यात्रियों की भीड़ को देखते हुए घोड़े खच्चरों का मुख्य पड़ाव फूल चट्टी में रहेगा। सभी घोड़ों को यात्रियों की डिमान्ड पर जानकीचट्टी बुलाया जायेगा। एसडीएम जितेन्द्र कुमार ने बताया कि यमुनोत्री धाम की यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। एनएच, लोनिवि, पेयजल, विद्युत, जिला पंचायत सहित तमाम विभागों को यात्रा व्यवस्था चाक चौबन्द करने को कहा है। यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर जानकीचट्टी तक डामरीकरण, यमुनोत्री धाम का पैदल मार्ग चुस्त दुरुस्त करने, पैदल मार्ग पर पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। सीओ सुरेन्द्र सिंह भंडारी ने बताया कि समस्त घोड़े खच्चरों का यात्रा से पूर्व बीमा एवं पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। रोस्टर के तहत यात्रियों को लाने छोड़ने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने बताया कि घोड़ा खच्चर डण्डी कण्डी के शुल्क की व्यवस्था प्रीपेड द्वारा की जायेगी और घोड़ा खच्चर का मुख्य पड़ाव फूलचट्टी में किया गया है। जहां पर संचालकों को रहने को निशुल्क जगह उपलब्ध करायी जायेगी। जिला पंचायत का प्रीपेड काउंडर एवं 1000 घोड़ों के बाड़े की व्यवस्था जिला पंचायत द्वारा की जायेगी। जिन घोड़ों का नम्बर यात्रा के लिए आयेगा वे सभी बाड़े में ही रहेंगे। यदि कोई घोड़ा अन्यत्र पार्किंग व सवारी लेते हुए पकड़ा गया तो प्रथम बार एक हजार रुपये का जुर्माना व द्वितीय बार पकड़े जाने पर उसका रजिस्ट्रेशन रद कर दिया जायेगा। बैठक में एसडीएम जितेन्द्र कुमार, सीओ सुरेन्द्र सिंह भण्डारी, एसएचओ गजेन्द्र बहुगुणा, तहसीलदार धनीराम डंगवाल, जिला पंचायत एएमए एमएस राणा, लोनिवि ईई एमएस धर्मसत्तु, ईई संजय कुमार, नायब तहसीलदार जेएस रावत, एनएच एई धीरज गुप्ता, जेएस रावत, एएस रावत, ईओ एमपी गौड़ आदि थे।

## महाराष्ट्र के सत्ता संघर्ष मामले में बहस पूरी, सुको ने फैसला किया सुरक्षित



**नई दिल्ली, एजेंसी।** महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे गुट के बीच सत्ता पर अधिकार को लेकर चल रही कानूनी लड़ाई में गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सभी पक्षों की बहस पूरी हो गई और कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के समक्ष नौ दिन चली बहस चली। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सभी पक्षों की बहस पूरी होने के बाद गुरुवार को मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं लंबित हैं जिनमें महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे गुट के बीच सत्ता पर कानूनी हक जताया गया है। पहली याचिका एकनाथ शिंदे और शिवसेना के 15 अन्य बागी विधायकों ने सुप्रीम कोर्ट में उस समय दाखिल की थी जब राज्य के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे थे और एकनाथ शिंदे गुट बागी हो गया था जिस पर तत्कालीन डिप्टी स्पीकर ने उन सभी को अयोग्यता नोटिस जारी किया था।

एकनाथ शिंदे गुट ने डिप्टी स्पीकर के अयोग्यता नोटिस को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देते हुए कहा था कि डिप्टी स्पीकर के खिलाफ उन्होंने हटाने का नोटिस दे रखा है और नबम रेबिया केस में सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान पीठ द्वारा दिये गए फैसले के मुताबिक अगर स्पीकर के खिलाफ रिमूवल का नोटिस लंबित होता है तो उस दौरान स्पीकर सदस्यों की अयोग्यता के मुद्दे पर फैसला नहीं कर सकते।

राज्यपाल ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से सदन में बहुमत साबित करने को कहा लेकिन बहुमत साबित करने से पहले ही ठाकरे ने इस्तीफा दे दिया। राज्यपाल ने एकनाथ शिंदे को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया और उन्हें मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। उद्धव ठाकरे गुट ने इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में एक के बाद एक कई याचिकाएं दाखिल कीं जिसमें एकनाथ शिंदे को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करने और मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाए जाने को भी चुनौती दी गई है।

उद्धव गुट ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की है कि पहले एकनाथ शिंदे और अन्य विधायकों के लंबित अयोग्यता मामलों को तय किया जाना चाहिए और वह भी उन्हीं पहले वाले डिप्टी स्पीकर को फैसला करने दिया जाए। यानी सबकुछ उसी जगह से शुरू हो जहां से मुकदमेबाजी शुरू हुई थी। इस बीच चुनाव आयोग ने एकनाथ शिंदे की असली शिवसेना होने के दावे वाली याचिका स्वीकार करते हुए शिंदे गुट को असली शिवसेना घोषित कर दिया और शिवसेना का चुनाव चिन्ह तीर कमान प्रयोग करने की इजाजत दे दी।

# नैनीताल में एंट्री एक अप्रैल से महंगी होगी



नैनीताल। एक अप्रैल से पर्यटकों को अपनी गाड़ियों के साथ नैनीताल में एंट्री करना महंगा हो जाएगा। लेकब्रिज चुंगी के लिए अब पर्यटकों को 50 के बजाए 100 रुपये देने होंगे। नैनीताल में भवाली व हल्द्वानी की ओर से आते हुए पर्यटक वाहनों को लेकब्रिज चुंगी पर टोल टैक्स देना होता है। वहीं स्थानीय लोगों के लिए भी नगरपालिका ने टैक्स बढ़ा दिया है। स्थानीय वाहनों का सालाना पास भी अब 500 के बजाए 800 रुपये हो जाएगा। दरअसल नगर पालिका ने इस साल अपने सभी टैक्स बढ़ा दिए हैं। लेकब्रिज चुंगी पर भी इसका असर हुआ है। नगर पालिका को लेकब्रिज चुंगी से अब तक सालना करीब डेढ़ करोड़ रुपये मिल रहे थे। नई दरों के बाद सालना टैक्स करीब तीन करोड़ रुपये मिलेगा।

**आर्थिक स्थिति सुधारने की कवायद**

नैनीताल नगर पालिका की आर्थिक स्थिति खराब है। पालिका अपने कर्मचारियों को समय पर तनख्वाह तक नहीं दे पाता। इसके अलावा नैनीताल में विकास कार्यों के लिए भी पैसों की कमी हमेशा ही नजर आती है। नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी पूजा चंद्रा के अनुसार लेकब्रिज चुंगी की नई दरों के बाद पालिका की आमदनी में अच्छा इजाफा होगा।

**लेकब्रिज चुंगी वसूली का ठेका रद्द**

गुरुवार को नगर पालिका नैनीताल में लेकब्रिज चुंगी वसूली के टेंडर डाले गए। इसके लिए तीन फर्म की ओर से टेंडर डाले गए।

## बेरोजगारों के हित में है प्रदेश का नकल विरोधी कानून: भाजपा



चमोली। प्रदेश सरकार द्वारा पारित नकल विरोधी कानून को लेकर भाजपाइयों ने यहां धन्यवाद रैली का आयोजन किया। इस दौरान इस कानून के विधानसभा में पास होने पर हस्ताक्षर अभियान चलाया। साथ कहा कि नकल विरोधी कानून बेरोजगार और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के हित में है। नगर अध्यक्ष सुभाष चमोली के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यकक्ष रमेश मैखुरी ने कहा कि सशक्त कानून बनाकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और सरकार ने अपना संकल्प पूरा किया। कहा कि उत्तराखंड आने वाले समय में पूर्ण नकल विहीन राज्य होगा। इस अवसर पर महामंत्री चेतन मनोड़ी और देवेन्द्र नेगी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र डिमरी, महिला मोर्चा अध्यक्ष शशि खंडूड़ी, अनिल कंडवाल, आशा डिमरी, मनोरमा नैनवाल, कैलाश जोशी, देवेंद्र खंडूड़ी, राकेश बिष्ट, यासीन मलिक, मोहित खान, बी. राम टम्टा, अनूप रावत, विजय धुनियाल, धर्मेंद्र राणा, अनूप, हेमन्त नेगी, आशू बुटोला, सरोज हटवाल, मधु रावत, चंदा राणा, कल्पना डिमरी, मंजू मैखुरी, कान्ता देवी आदि थे। दूसरी ओर भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष महावीर रावत ने कहा कि नकल विरोधी कानून से प्रदेश में एक स्वच्छ परीक्षा प्रणाली के नींव पड़ेगी। वहीं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को बेहतर अवसर मिलेंगे। रावत ने कानून पास होने पर प्रदेश सरकार आभार जताया।

## भाजयुमो के जिलाध्यक्ष सहित 13 लोगों के खिलाफ क्रॉस मुकदमा दर्ज

विकासनगर। बुलाकीवाला तप्पड़ खेल मैदान दो दिनों तक भाजयुमो कार्यकर्ताओं के जंग का अखाड़ा बना रहा। कार्यकर्ताओं में जमकर लाठी–डंडे चले, जिसमें भाजयुमो के आधा दर्जन से अधिक कार्यकर्ता लहूलुहान हुए। दो दिन बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लेकर भाजयुमो के जिलाध्यक्ष सहित आधा दर्जन युवाओं को चार घंटे से अधिक समय तक कोतवाली में बैठाये रखा। बाद में दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने भाजयुमो के जिलाध्यक्ष समेत 13 लोगों के खिलाफ बलवा, मारपीट, जान से मारने की धमकी व तोड़फोड़ का मुकदमा दर्ज किया है। भाजयुमो के दो गुटों में पिछले दो दिनों से विवाद चल रहा है। बीते मंगलवार को भाजयुमो के जिलाध्यक्ष चिराग गुलेरिया और दूसरे गुट के तनय शर्मा के समर्थकों के बीच पहले एक फार्म हाउस के पास, बाद में कोतवाली विकासनगर के समीप और उसके बाद बुलाकीवाला तप्पड़ के खेल मैदान में लात–घूंसे और लाठी–डंडे चले। उसके बाद बुधवार को भी दोनों पक्षों के बीच बुलाकीवाला खेल मैदान में जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें करीब सात–आठ युवकों के सिर, हाथ, पैर में चोटें आईं। इस घटना के बाद दो दिनों से तमाशबीन बनी विकासनगर पुलिस भी जाग उठी। पुलिस ने गुरुवार को भाजयुमो के जिलाध्यक्ष सहित करीब सात आठ लोगों को उठाकर कोतवाली में बैठा दिया। जहां दोनों पक्षों की ओर से एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी। एक पक्ष की ओर से हर्ष रोझे पुत्र घनश्याम रोझे निवासी बाबूगढ़ ने दस लोगों तनय शर्मा, तुषार जैन, सार्थक, यश गोदियाल, आदित्य शर्मा, जयंत राजपूत, आयुष पोखरियाल, गौरव, नितिन व गौरव चौधरी पर मारपीट, गाली–गलौज, जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से सतर्क शर्मा पुत्र परमेश शर्मा निवासी लक्ष्मणपुर विकासनगर ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि भाजयुमो जिलाध्यक्ष चिराग गुलेरिया, हर्ष रोजे, साहिल चौधरी सहित कई अन्य लोगों ने उनके साथ मारपीट, गाली–गलौज, वाहन में तोड़फोड़ कर जान से मारने की धमकी दी। जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी, बलवा, गाली–गलौज करने का मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल शंकर सिंह बिष्ट ने बताया कि दोनों पक्षों को मुचलका पाबंद करने के साथ ही नोटिस थमा दिए हैं। जिसके बाद दोनों पक्षों के लोगों को सशर्त छोड़ दिया गया।

## टिहरी में भाजपा का कांग्रेसी विधायकों के खिलाफ प्रदर्शन



नई टिहरी। गैरसैंण सत्र के दौरान कांग्रेसी विधायकों के महिला स्पीकर ऋतु खंडुड़ी के साथ अभद्रता करने के मामले को लेकर नई टिहरी भाजपा महिला मोर्चा के मंडल पदाधिकारियों सहित भाजपाइयों ने कांग्रेसी विधायकों का पूतला फूंकते हुए कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी की।

भाजपा महिला मोर्चा नई टिहरी मंडल के पदाधिकारियों व भाजपाइयों ने जिला मुख्यालय के हनुमान चौक में एकत्र होकर कांग्रेसी विधायकों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कांग्रेसी विधायकों पर गैरसैंण सत्र के दौरान महिला स्पीकर ऋतु खण्डुड़ी के साथ अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस महिलाओं की इज्जत करना भुल गई है। महिला स्पीकर के साथ अभद्रता कर उन्होंने मातृशक्ति का अपमान किया है। जिसके लिए उन्हें प्रदेश की मातृशक्ति से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेसी विधायकों को आड़े हाथों लेते हुए महिला मोर्चा ने कहा कि महिलाओं को लेकर कांग्रेस का रवैया ठीक नहीं है। जिसका प्रमाण गैरसैंण विधानसभा सत्र के दौरान पूरे प्रदेश के लोगों ने देखा। इस हरकत के लिए कांगेसी विधायकों को माफी मांगनी चाहिए। इस दौरान भाजपाइयों ने कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी करने के बाद कांग्रेस का पूतला भी फूंका।


इस मौके पर भाजमा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष लीला मखलोगा, सरोज बहुगुणा, दीप माला, गीतांजलि सजवाण, ब्लाक प्रमुख सुनीता देवी, मंजू चंद, अनिता कंडियाल, मीना सेमवाल, सरस्वती नेगी, सरला नेगी, सभासद उर्मिला राणा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल, पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद रतूड़ी, विजय कठैत, उदय रावत, डीसीडीएफ के अध्यक्ष अनुसूया नौटियाल, गोपी राम चमोली आदि मौजूद रहे।

## तीर्थ पुरोहितों के घरों को सुरक्षा देने की मांग उठाई

नई टिहरी। श्री बदरीश पंडा पंचायत ने जिला प्रशासन चमोली से बदरीनाथ धाम स्थित तीर्थ पुरोहितों के भवनों को पूरी सुरक्षा दिये जाने की मांग की है।

पंडा पंचायत समिति के अध्यक्ष का कहना कि जंगली जानवर उनके घरों के दरवाजे खिड़की तोड़कर सामान को नुकसान पहुंचाने में लगे हैं,जिसके कारण चोरी की आशंका भी बढ़ गई है। पंडा पंचायत समिति के अध्यक्ष प्रवीन ध्यानी ने एसडीएम जोशीमठ कुंकुम जोशी को इस संबंध में पत्र भेजा। उन्होंने कहा कि पूर्व के वषी में दरवाजे टूटने से शरारती तत्वों द्वारा तीर्थ पुरोहितों के घरों में चोरी की वारदात का अंजाम दिया गया था।

## नई शर्तों पर नहीं चलेगी चारधाम यात्रा



ऋषिकेश। चारधाम यात्रा के नए नियमों को लेकर उत्तराखंड परिवहन महासंघ ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। कहा कि महासंघ यात्री वाहनों में वीएलसीडी सिस्टम लगाने से लेकर दर्शन के लिए सीमित संख्या के फैसले के पक्ष में नहीं है। सरकार यह नियम शीघ्र नहीं हटाती है, तो महासंघ ने विरोध में चरणबद्ध आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी है।

बीटीसी कैंपस में गुरुवार को महासंघ अध्यक्ष सुधीर राय ने निजी परिवहन कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि राज्य परिवहन प्राधिकरण ने चारधाम जाने वाले वाहनों के लिए नई शर्तें लागू की है। इसके तहत चारधाम जाने वाले वाहनों में व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (वीएलसीडी) सिस्टम को अनिवार्य किया है। कहा कि इस नियम से वाहन स्वामियों को परेशानी होगी। यात्रा के लिए करीब 20 से 25 हजार वाहन तैयार हैं। लिहाजा, सरकार के तुगलकी फरमान को बर्दाशत नहीं किया जाएगा। राय ने चारधाम दर्शन के लिए तीर्थयात्रियों की सीमित संख्या के फैसले को भी गलत बताया है।

## एक नजर

### नादेही चीनी मिल के कर्मचारियों की बदलेगी ड्रेस

काशीपुर। अगले सप्ताह से नादेही चीनी मिल प्लांट में काम करने वाले कर्मचारियों की ड्रेस बदल जाएगी। जीएम ने कार्मिकों को अप–टू–डेट बनाने को यह कदम उठाया है। आठ साल पहले मिल प्लांट में काम करने वाले 375 कर्मियों को ग्रे कलर की पैंट एवं शर्ट दी गई थी, तब से यही ड्रेस मिल कर्मी पहन रहे हैं। इस बार जीएम विवेक प्रकाश ने कर्मियों की ड्रेस को बदल दिया है। अब उनकी ड्रेस ब्लू ब्लैक पैंट एवं स्काई ब्लू रंग की शर्ट होगी। जीएम ने कर्मियों के लिए बेहतर जूते भी मंगाए हैं। आफिस चतुर्थ श्रेणी कर्मियों के लिए ब्लू ब्लैक पैंट एवं सफेद शर्ट निर्धारित की गई है। जबकि स्थायी महिलाओं के लिए साड़ी मंगाई गई है। पिछले साल जीएम ने दफ्तर कर्मियों के लिए ड्रेस कोड लागू कर उनके टी शर्ट में आने पर रोक लगा दी थी।

नादेही चीनी मिल के कर्मचारी अच्छे दिखें, इसके लिए ड्रेस में बदलाव किया गया है। एक सप्ताह में कर्मियों को ड्रेस दे दी जायेगी। –विवेक प्रकाश, जीएम नादेही चीनी मिल

### बालिकाओं को दिया विशेष प्रशिक्षण

चमोली। खेल विभाग चमोली द्वारा जिला योजना के अंतर्गत आयोजित सब–जूनियर बालिकाओं का बास्केटबाल और एथलेटिक्स खेलों के 14 दिवसीय विशेष खेल प्रशिक्षण शिविरों का समापन गुरुवार को हुआ। समापन अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कलम सिंह झिंक्वाण और जिला युवा कल्याण अधिकारी शरत सिंह भण्डारी ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण–पत्र, खेल किट और स्पोर्ट्स ट्रैकशूट प्रदान कर किया गया। विशेष प्रशिक्षण शिविरों में जनपद चमोली के 2 विकासखण्डों से 14 शिक्षण संस्थाओं की 50 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। एथलेटिक्स खेल में शकुन्तला गोपेश्वर द्वारा तथा बास्केटबाल में गीता रावत गोपेश्वर द्वारा प्रतिभागियों को विशेष तकनीकि प्रशिक्षण दिया गया। विशेष प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षणार्थियों को जयवीर सिंह रावत प्रभारी जिला क्रीड़ाधिकारी द्वारा विभिन्न खेलों से संबंधित तकनीकी जानकारी भी प्रदान की गयी।

## डीएम ने ली संगन्ध पादप के उचित प्रबन्धन व नियोजित दोहन के सम्बन्ध में बैठक



देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय ईको–टूरिज्म समिति तथा रोजगार सृजन के निमित वन क्षेत्रों में उत्पादित होने वाली जड़ी बूटियों एवं संगन्ध पादप के उचित प्रबन्धन व नियोजित दोहन के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरण, स्वच्छता के साथ ईको–टूरिज्म गतिविधि को बढावा देने के साथ ही वन क्षेत्रों में वन अधिनियम के प्राविधानों के अनुरूप योजनाएं संचालित की जाए, जिससे चिन्हित वन क्षेत्रों में ईको–टूरिज्म का विकास किया जा सके। उन्होंने वन क्षेत्र के अतिरिक्त ऐसे ग्रामीण क्षेत्र जो वन क्षेत्र से लगे हुए हैं, में भी ईको–टूरिज्म की संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए कार्ययोजना तैयार की जाए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के अवसर सृजन कराते हुए ग्रामीणों की आर्थिकी बढाई जा सके। उन्होंने ईको–टूरिज्म क्षेत्र में स्थानीय परंपरा एवं संस्कृति को जोड़ते हुए कार्ययोजना तैयार करने पर बल दिया।जिलाधिकारी ने रोजगार सृजन के निमित वन क्षेत्रों में उत्पादित होने वाली जड़ी बूटियों एवं संगन्ध पादप के उचित प्रबन्धन व नियोजित दोहन के सम्बन्ध में निर्देश दिए भेषज, उद्यान, वन आदि सम्बन्धित विभाग जड़ी, बूटियों उत्पादन, जड़ी बूटी उत्पादित करने वाले किसानों को प्राप्त हो रही आय तथा जड़ी बूटियों के बाजार आदि की संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करें।

## एक ही दिन में दो घरों को टूटे ताले

ऋषिकेश। सपेरा बस्ती और जीवनवाला में पुलिस को चुनौती देते हुए चोरों ने एक ही दिन में दो घरों के ताले चटका दिए। अज्ञात चोर घरों से लाखों रुपये के जेवरात और कीमती सामान ले उड़े।

शिकायत पर पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक सपेरा बस्ती, नुनावाला निवासी मीना गुसाईं पत्नी जितेंद्र सिंह ने शिकायत देकर बताया कि चोरों ने घर का ताला तोड़कर कीमती सामान और गहने साफ कर दिए है। तेजेंद्र पुत्र गुरूमेल सिंह निवासी जीवनवाला, डोईवाला ने भी चोरी को लेकर तहरीर दी। बताया कि अज्ञात चोर घर से नगदी और जेवरात ले गए।

## महिला मोर्चा ने फूंका कांग्रेस विधायकों का पुतला

ऋषिकेश। गैरसैंण में विधानसभा सत्र के दूसरे दिन कांग्रेस विधायकों के हंगामे पर भाजपा कार्यकर्ता ने डोईवाला और रानीपोखरी में प्रदर्शन किया। भाजपाइयों ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताया है। गुरुवार को डोईवाला में प्रदर्शन के दौरान महिला मोर्चा की नेता आशा सेमवाल ने कहा कि कांग्रेस महिलाओं के सम्मान का दम भरती है, लेकिन विधानसभा में कांग्रेस के विधायकों का असली चेहरा नजर आया। कहा कि विपक्षी विधायकों का हंगामा और विधानसभा अध्यक्ष के प्रति व्यवहार निंदनीय है। प्रदर्शनकारियों में मंडल अध्यक्ष नरेंद्र नेगी, आरती लखेड़ा, रामकिशन, कृष्णा तड़ियाल, राममूर्ति, रविंद्र बेलवाल, सुबोध नौटियाल, विनीत मनवाल, हेमलता जोशी, कुसुम पंवार, संगीता जखमोला आदि शामिल रहे। उधर, भाजपा के रानीपोखरी मंडल अध्यक्ष अरूण शर्मा की अगुवाई में भी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस विधायकों के खिलाफ प्रदर्शन किया। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस विधायकों का सदन में व्यवहार निंदनीय है। सुचिता रावत ने विधानसभा अध्यक्ष से अभद्र बर्ताव का आरोप लगाया। मौके पर संगीता बहुगुणा, सुभाष रावत, जीवन चौहान, नवीन रावत, संदीप भट्ट, गोपाल कुकरेती, सर्वेश रावत, मोहित राणा, मनोज रावत, यशपाल चौहान, नवीन चौधरी, त्रिलोक रावत, सुनील यादव, पंकज नेगी, मनोज शर्मा आदि मौजूद रहे।

## बजट का आकार बढ़ाया गया है लेकिन आय के श्रोत नहीं बताये: लक्ष्मी

विकासनगर। कांग्रेस ने प्रदेश सरकार के बजट को दिशाहीन, विकास विरोधी, मंहगाई और बेरोजगारी को बढ़ाने वाला बजट बताया है। कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन विकासनगर में गुरुवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस के कार्यकारी जिलाध्यक्ष लक्ष्मी अग्रवाल ने कहा कि बजट में नया कुछ भी नहीं है। इस बजट में महंगाई, बेरोजगारी और पलायन रोकने के लिए कोई प्रावधान नहीं किये गये हैं। कहा कि बजट का आकार बढ़ाया गया है लेकिन आय के श्रोत नहीं बताये गये हैं। चिंता की बात यह है कि सरकार के बजट के अनुसार राज्य पर इस वित्तीय वर्ष के अंत तक एक लाख 34 हजार 749 करोड़ रुपये की उधारी चढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि बजट में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए कुछ भी नहीं किया गया है। वर्ष 2017 तक प्रदेश पर केवल 35 हजार करोड़ रुपये का कर्ज और देनदारी थी, लेकिन प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद इस साल तक सरकार ने 99 हजार 749 करोड़ रुपये का कर्ज लिया है।

इसलिए उत्तराखंड राज्य पर कर्ज उसके सालाना बजट के आकार से कहीं अधिक हो गया है। कार्यकारी जिलाध्यक्ष अग्रवाल ने कहा कि बजट में प्रदेश के युवाओं को फिर से हतासा हाथ लगी है, स्वरोजगार के नाम पर युवाओं को गुमराह किया जा रहा है जो हर बजट पर प्रदेश कि भाजपा सरकार करती आई है।

## मनरसा में प्रशासन ने अवैध निर्माण को तोड़ा

नैनीताल। गरमपानी। भवाली–अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे स्थित मनरसा काकड़ीघाट में अवैध निर्माण को गुरुवार को तोड़ दिया गया है। सुबह तहसील प्रशासन ने खैरना चौकी पुलिस की मौजूदगी में एनएच किनारे अवैध रूप से बनाए गये भवन का हिस्सा तोड़ा।

कानूनगो नरेश अस्वाल और पटवारी जया बिष्ट ने बताया कि एनएच किनारे अवैध रूप से बनाए गये मकान का एक हिस्सा तोड़ा गया है। साथ ही संबंधित व्यक्ति को सख्त हिदायत देते हुए बचे हुए अवैध निर्माण को जल्द हटाने को कहा गया है।

## जी—20 सम्मेलन की तैयारी को लेकर डीएम ने ली समीक्षा बैठक



देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका ने जी–20 सम्मेलन की तैयारी को लेकर ऋषिपर्णा सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने रेखीय विभाग के अधिकारियों को दिए गए कार्यों की क्रमवार समीक्षा करते हुए कार्य प्रगति की अद्यतन जानकारी ली। तथा सम्बन्धित अधिकारियों को कार्य प्रगति में तेजी लाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

साथ ही उन्होंने विभागों को बेहतर आपीस समन्वय बनाते हुए चरणबद्ध तरीके से कार्य सम्पादित करने के निर्देश दिए ।

वहीं उन्होंने वैकल्पिक रूट पर भी सभी तरह के कार्य सुगम सड़क एवं सौन्दर्यीकरण कार्य कराने को कहा। उन्होंने सड़क निर्माण, सौन्दर्यीकरण, साज सज्जा, वानिकी आदि कार्यों में सम्बन्धित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग को यातायात/निर्माण कार्यों में बाधक बन रहे विद्युत पोल को स्थानान्तरण करने के निर्देश दिए।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ शिव कुमार बरनवाल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजीशरण शर्मा, एमडीडीए के अधिकारी उपस्थित रहे ।

## भगत सिंह चौक से चन्द्राचार्य चौक को जाने वाली सड़क क्षेत्र के आसपास का होगा सौन्दर्यीकरण



हरिद्वार। जिलाधिकारी/उपाध्यक्ष एचआरडीए विनय शंकर पाण्डेय ने बृहस्पतिवार को भगत सिंह चौक से चन्द्राचार्य चौक की ओर जाने वाले सड़क का, बिड़ला पुल के दोनों ओर विकसित हुये पार्कों तथा बिड़ला पुल से रोड़ीबेलवाला की ओर जा रही सड़क का सौन्दर्यीकरण की दृष्टि से जायजा लिया।

जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम भगत सिंह चौक पहुंचे, जहां से उन्होंने चन्द्राचार्य चौक को जाने वाली सड़क के आसपास के पूरे क्षेत्र का बारीकी से सौन्दर्यीकरण की दृष्टि से मौका मुआयना किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि इस क्षेत्र में लगभग विद्युत की सारी लाइनें भूमिगत कर दी गयी हैं, इसलिये जगह–जगह जो बिजली के खम्भे खड़े हैं, उन्हें यथाशीघ्र हटाया जाये ताकि इस क्षेत्र में यातायात संचालन आदि सुचारू रूप से हो सके। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सड़क के बीचोंबीच डिवाइडर पर जो रेलिंग लगी है, उसे व्यवस्थित आकार देते हुये सुन्दर बनाया जाये, स्ट्रीट लाइट लगाई जाये, इस क्षेत्र में हरियाली की दृष्टि से पौधे लगाये जायें तथा आसपास के नालों को भी कवर करना सुनिश्चित करें।

श्री विनय शंकर पाण्डेय तत्पश्चात निरीक्षण करते हुये बिड़ला पुल पहुंचे, जहां उन्होंने पूर्व में दिये गये निर्देशों के क्रम में बिड़ला पुल के दोनों ओर विकसित किये गये पार्कों का बारीकी से जायजा लिया तथा अल्प समय में ही अधिकारियों द्वारा पार्कों को विकसित करने पर अधिकारियों की कार्यप्रणाली की भूरि–भूरि प्रशंसा की। उन्होंने निरीक्षण के दौरान बिड़ला पुल के एक किनारे पर रखे पुलिस बूथ की भी रंगाई करने के निर्देश दिये। इसके बाद वे बिड़ला पुल से रोड़ीबेलवाला की ओर जाने वाली सड़क के पास पहुंचे, जहां पर अवैध पार्किंग में खड़े वाहनों को तत्काल हटाने के निर्देश दिये तथा उस स्थान पर आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुये श्रद्धालुओं के लिये पीने के पानी आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

जिलाधिकारी ने कहा कि हमारा निरन्तर प्रयास है कि हरिद्वार को स्वच्छ व सुन्दर बनाया जाये,

## कोटद्वार नगर आयुक्त व सहायक नगर आयुक्त का रोका वेतन

**पौड़ी:** नजूल भूमि प्रकरणों और सौर संयत्र के लंबित विभिन्न प्रकरणों को लेकर आयोजित बैठक में डीएम ने नजूल भूमि से संबंधित प्रकरणों के अधिक संख्या और लंबे समय तक लंबित रखने के चलते नगर आयुक्त और सहायक नगर आयुक्त कोटद्वार का उचित प्रगति ना होने तक वेतन आहरित नहीं करने के निर्देश दिए। डीएम डा.आशीष चौहान ने विभिन्न मामलों में तहसीलों, नगर निगम कोटद्वार और नगर पालिकालिकाओं के स्तर पर लंबित प्रकरणों को जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए। डीएम ने टॉवर लगवाने के प्राप्त आवेदनों के लिए भूमि उपलब्धता के संबंध में लंबित आवेदनों का जल्द निस्तारण करने के लिए संबंधित पटवारियों की जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम सदर आकाश जोशी, कोटद्वार प्रमोद कुमार, लीड बैंक अधिकारी अनिल कटारिया, परियोजना निदेशक उरेड़ा राजेश्वरी सिंह आदि शामिल थे।

# हरेंद्र नगर में घूम रहा गुलदार, दहशत में मोहल्लेवासी

## विभाग के लाख दावों के बाद भी आबादी में नहीं थम रही जंगली जानवरों की धमक

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार:** भले ही वन विभाग आबादी में जंगली जानवरों की धमक रोकने के लाख दावे कर रहा हो। लेकिन, हकीकत यह है कि शाम ढलते ही जंगली जानवर आबादी में घूम रहे हैं। ऐसा ही कुछ नजारा बुद्धा पार्क के समीप हरेंद्र नगर मोहल्ले में देखने को मिल रहा है। जहां कुत्ते का शिकार कर उसे मुंह में दबाकर ले जा रहा एक गुलदार सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया। आबादी में गुलदार की धमक से मोहल्लेवासियों में दहशत बनी हुई है।

लैंसडौन वन प्रभाग क्षेत्र से सटे आबादी इलाकों में पिछले कुछ माह से जंगली जानवरों की धमक बनी हुई है। पनियाली बीट से लगे मोहल्ला हरेंद्र नगर में कुछ दिनों से गुलदार घूमता हुआ नजर आ रहा है। गुलदार की दहशत से मोहल्लेवासी डर कर घर से बाहर निकल रहे हैं। बच्चों ने घरों के बाहर खेलना भी बंद कर दिया है।

दो दिन पूर्व गुलदार का एक वीडियो सीसीटीवी फुटेज में भी कैद हुआ है, जिसमें गुलदार मोहल्ले में घूम रहे एक कुत्ते का शिकार कर उसे मुंह में दबा कर ले जा रहा था।

मोहल्लेवासियों बताया कि पूर्व में भी गुलदार मोहल्ले के कई पालतू जानवरों का शिकार शिकार कर चुका है। यदि गुलदार को जल्द कैद नहीं किया गया तो वह किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है।

### इधर बनी है हाथी की धमक

लैंसडौन वन प्रभाग क्षेत्र के अंतर्गत सनेह, कोटद्वार-दुगड्डा राष्ट्रीय राजमार्ग, रामणी-पुलिंडा मार्ग पर हाथियों की धमक बनी हुई है। कुछ दिन पूर्व जंगल से निकलकर रामणी-पुलिंडा मार्ग पर धमके हाथियों ने कुछ स्कूटी सवार युवकों को भी दौड़ाया था। वहीं, सनेह क्षेत्र में हाथी आबादी में पहुंचकर काश्तकारों की फसल हो बर्बाद कर रहे हैं।



सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ हरेंद्र नगर में घूमता गुलदार

# दो परीक्षाएं एक साथ, तिथि में बदलाव की उठाई मांग

**कोटद्वार:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने 16 अप्रैल को होने वाली भौतिक विज्ञान की परीक्षा की तिथि में बदलाव करने की मांग की है। कहा कि इसी दिन एनडीए की भी परीक्षा निर्धारित की गई है। गुरुवार को अभाविप कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय के माध्यम से श्री देव सुमन विश्वविद्यालय को ज्ञापन भेजा। उन्होंने बताया कि 16 अप्रैल को महाविद्यालय के विद्यार्थियों की भौतिक विज्ञान परीक्षा होनी है। बताया कि इसी दिन राष्ट्रीय सुरक्षा अकादमी प्रवेश परीक्षा (एनडीए) की परीक्षा होनी ही। दोनों परीक्षाएं एक ही दिन होने से विद्यार्थियों में असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। कहा कि विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य को देखते हुए विश्वविद्यालय को भौतिक विज्ञान की परीक्षा की तिथि में बदलाव करनी चाहिए। इस मौके पर छात्र संघ उपाध्यक्ष शिखर अग्रवाल, शुभम सुयाल, अजय नेगी, मेघा, दिव्य आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार महाविद्यालय में विश्व विद्यालय को ज्ञापन भेजते अभाविप सदस्य

# हिंदी का आसान पेपर देख खिल उठे विद्यार्थियों के चेहरे

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार:** उत्तराखंड बोर्ड की दसवी व बारहवीं की परीक्षाएं गुरुवार से शुरू हो गई है। पहले दिन विद्यार्थियों ने हिंदी का पेपर दिया। इस दौरान हिंदी के आसान प्रश्न पत्र को देख विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे।

गुरुवार को सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे तक परीक्षा का समय निर्धारित किया गया था। परीक्षा को नकल मुक्त बनाने के लिए शिक्षा विभाग की ओर से परीक्षा केंद्रों में पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रवेश द्वार पर ही विद्यार्थियों की तलाशी ली जा रही थी। इसके उपरांत अधिकारी भी समय–समय पर सभी सेंटरों का निरीक्षण करते रहे। परीक्षा संपन्न होने के बाद ही विद्यार्थियों को सेंटर से बाहर निकलने की इजाजत दी गई।

दसवीं की परीक्षा दे रही साक्षी, पूनम, अंकिता ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं के लिए उन्होंने पूरी तैयारी की हुई है। पहले दिन हिंदी का पेपर काफी आसान था। परीक्षा देने के बाद सेंटर के बाहर निकले विद्यार्थी पूछे गए हिंदी के प्रश्नों को लेकर भी चर्चा करते हुए नजर आए। कोटद्वार व आसपास के सभी सेंटरों में परीक्षा शांति पूर्वक संपन्न हुई।



एकेश्वर ब्लाक के अंतर्गत ढौंडखाल में परीक्षा देने के बाद प्रश्न पत्र पर चर्चा करती छात्राएं

## सृजन समता यात्रा शुरू

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी:** छात्र–छात्राओं को रचनात्मक, संवेदशील, बेहतर समाज के निर्माता बनाने के लिए सृजन समता यात्रा शुरू की गई है। यह यात्रा राबाइंका पाबौ से शुरू होकर त्रिपालीसैंण, बूंगीधर, गैरसैंण, देवाल, घाट, रूद्रपयाग से होते हुए 4 अप्रैल को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चड़ीगांव, पौड़ी में समाप्त होगी।इस दौरान यात्रा पौड़ी, चमोली और रुद्रप्रयाग जिले के 12 इंटर कॉलेज और तीन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के डीएलएड शिक्षार्थियों से एक दिवसीय कार्यशाला के रूप में रूबरू होंगे। करीब 700 किलोमीटर का सफर तय करते हुए यह यात्रा दूरस्थ क्षेत्रों के सैकड़ों छात्र– छात्राओं के बीच कला, रचनात्मकता, संवेदनशीलता और संवैधानिक मूल्यों पर संवाद स्थापित करेगी। बताया गया कि यह सभी वो स्कूल हैं जहां बोर्ड परीक्षाएं संचालित नहीं हो रही हैं। यात्रा के मुख्य उद्देश्य में कला के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया को सुगम बनाना, रचनात्मक कार्यों के लिए बच्चों को प्रोत्साहित करना, पढ़ने की संस्कृति से बच्चों को जोड़ना, जेंडर, जाति और धर्म के मुद्दों के जरिए संवैधानिक मूल्यों पर समझ बनाना और साथ ही कैरियर सम्बधी सलाह उपलब्ध करना है।

# भाजपा ने फूंका कांग्रेस विधायकों का पुतला

## विधानसभा सत्र के दौरान अभद्रता करने का आरोप

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार:** विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा अध्यक्ष से अभद्रता करने पर भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस विधायकों का पुतला दहन किया। कहा कि कांग्रेस विधायकों ने इस तरह का व्यवहार दिखाकर प्रदेश को बदनाम करने का कार्य किया है। गुरुवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने दुर्गापुरी चौराहे के समीप कांग्रेस विधायकों का पुतला दहन किया। पार्षद सौरभ नौडियाल ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के बेहतर विकास के लिए कार्य कर रही है। गरीब व असहायजनों की मदद के लिए लगातार योजनाएं बनाई जा रही हैं। लेकिन, गैरसैंण में चल रहे विधानसभा सत्र के दौरान कांग्रेस विधायकों ने सत्र में बाधा उत्पन्न करने का प्रयास किया। पर्चों को फाड़कर हवा में उड़ाया गया। कहा कि विधानसभा में इस तरह की अभद्रता बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। कांग्रेस विधायकों को प्रदेश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। पुतला दहन करने वालों में कमल नेगी, मनीष आर्य, रवींद्र रावत, अंकित काला, नीरज नैथानी आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार के दुर्गापुरी में कांग्रेस विधायकों का पुतला दहन करते भाजपा कार्यकर्ता

# धूमधाम से मनाया जाएगा नव वर्ष विक्रम संवत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार:** भारतीय नव वर्ष विक्रमी संवत 2080 युगाब्द 5125 का स्वागत पूरी धूमधाम और पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ किया जाएगा। नव संवत्सर की पूर्व संध्या पर आगामी 21 मार्च को नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी और मालवीय उद्यान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

आज नव संवत्सर समारोह समिति की जीएमओयू सभागार में आयोजित बैठक में नव संवत्सर स्वागत समारोह के कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक की जानकारी दी गई कि आगामी 22 मार्च से पिंगल नामक विक्रम संवत 2080 युगाब्द 5125 शुरू हो रहा है। इसकी पूर्व संध्या पर 21 मार्च को अपराहन तीन बजे से हिंदू पंचायती धर्मशाला से क्षेत्र के महिला मंगल दलों, कीर्तन मंडलियों के द्वारा परंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ नगर में भव्य सांस्कृतिक यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें कुमाऊं का प्रसिद्ध छोलिया नृत्य तथा अनेक आंचलिक व राष्ट्रीय सांस्कृति को प्रदर्शित करने वाली मनोरम झांकियां आकर्षण का प्रमुख केंद्र होंगी। समिति की ओर से 21 मार्च को सांय चार बजे मालवीय उद्यान में नव वर्ष के स्वागत अभिनंदन में विशाल नागरिक समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें समाज के सभी वर्गों के लोग शामिल होंगे। इस दौरान संस्कृति विभाग उत्तराखंड, आशु कला समिति व क्षेत्रीय विद्यालयों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति किए जाएंगे। इस दौरान शुभकामना संदेश के प्रेषण के साथ ही नव वर्ष के स्वागत में मिष्ठान वितरित किया जाएगा। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार की प्राचार्य व शिक्षाविद डा.जानकी पंवार समारोह की मुख्य अतिथि होगी। चैत्र शुल्क प्रतिपदा व नव संवत्सर के शुभारंभ पर 22मार्च को मालवीय उद्यान में प्रातः पांच बजे योग व हवन कार्यक्रम आयोजित होगा। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष जीत सिंह पटवाल, महासचिव चंद्र प्रकाश नैथानी, डा.पद्मेश बुड़ाकोटी, महानंद ध्यानी, राजगौरव नौटियाल, जनार्दन बुड़ाकोटी, अमित सजवाण, सुनील बहुगुणा, गोपाल जखमोला आदि मौजूद रहे।



आयोजित बैठक में भाग लेते समिति के सदस्य ।

# काश्तकारों को सिखाए पशु पालन के गुर

**कोटद्वार:** आत्मा परियोजना के अंतर्गत न्याय पंचायत लक्ष्मपुर के उदयरामपुर में एक दिवसीय फार्म फील्ड स्कूल पशुपालन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें काश्तकारों को पशुपालन के गुर सिखाए गए। आत्मा परियोजना के अध्यक्ष सुखपाल शाह की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें पशुपालन करने वाले किसानों ने भाग लिया। पशु डॉक्टर केएस रंजन द्वारा पशुओं में होने वाली बीमारियां उपचार की विस्तार से जानकारी दी गई। कहा कि जो किसान पशु पालन करेंगे उसके लिए चार की व्यवस्था की जाएगी। तथा पशुओं को चारा दाना भी उपलब्ध कराए जाएगा। इस अवसर पर ब्लॉक दुगड्डा के बीटीएम शशि मोहन बिंजोला ने विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर पर दुगड्डा ब्लॉक के आत्मा परियोजना वह किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष सुखपाल शाह ने किसानों से कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाएं 80% से अधिक पर किसानों को कृषि यंत्र उपलब्ध हो रहे हैं। समूह के माध्यम से भी फार्म बैंक के माध्यम से स्वयं सहायता समूह को भी सहायता प्रदान करता है, इसका लाभ उठाएं इस अवसर पर उदयरामपुर में राज्य योजना के अंतर्गत मछली पालन करने वाले किसान राजवीर सिंह के तालाब का भी निरीक्षण आत्मा परियोजना के सदस्यों ने किया। इस अवसर पर गिरीश मोहन कुकरेती, सुरेंद्र सिंह पवार, हरि सिंह रावत, राजवीर सिंह, पुष्पा देवी, गुड्डी देवी, अजय कुमार, सतीश चंद, इंदु देवी, संतोषी देवी, शकुंतला देवी आदि मौजूद रहे।



आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते काश्तकार

# जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रतिकूल है बजट

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी:** कांग्रेस ने धामी सरकार के बजट को जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रतिकूल बताया। कहा कि सरकार ने आम लोगों के लिए बजट में कोई ठोस योजना नहीं बनाई है। कहा कि बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं के लिए कुछ भी खास नहीं है। उन्होंने धामी सरकार के इस बजट को उधार का बजट बताया। कहा कि सरकार पर बीते साल 1 लाख 34 हजार 749 करोड़ उधार और अन्य देनदारी है। पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनोद नेगी ने कहा कि सरकार ने इस साल के बजट में आम लोगों के लिए कुछ खास नहीं रखा है। बजट को 77,407 हजार करोड़ रुपये का भारी भरकम तो बनाया गया है। लेकिन बजट में युवाओं के लिए रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि को किनारे ही रखा गया है। उन्होंने कहा कि समाज कल्याण के तहत गौरा देवी जैसी योजना में पहले के सापेक्ष बजट आधा कर दिया गया है। कहा कि प्रदेश सरकार अपने आपको भ्रष्टाचार मुक्त सरकार कहती है, लेकिन सरकार के समाज कल्याण विभाग के तहत पेंशन योजनाओं में भारी गड़बड़ी सामने आई है। जिसमें 4217 के पेंशन खाते एक ही मोबाइल नंबर से जुड़े हुए पाये गये। कहा कि बजट में युवा वर्ग को दरकिनार किया गया है। बताया कि बीते साल प्रदेश में 2 लाख 57 हजार 940 पद खाली पड़े हुए थे। जिसके सापेक्ष 1 लाख 89 हजार 354 पदों को ही भरा जा सका है। कहा कि सरकार द्वारा बीते वित्तीय वर्ष में केंद्र पोषित योजनाओं के तहत 30 फीसदी से अधिक का बजट खर्च ही नहीं किया जा सका। इस मौके पर नगर अध्यक्ष भरत सिंह, गोपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# निर्माण कार्यो में पारदर्शिता जरूरी: महेंद्र सिंह राणा

## ब्लाक प्रमुख ने विकास खंड मुख्यालय में ली समीक्षा बैठक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार:** प्रमुख महेन्द्र राणा ने विकासखण्ड मुख्यालय द्वारीखाल में विकास कार्यों की समीक्षा की। विभागीय समीक्षा बैठक में निर्माण कार्यों से सम्बन्धित योजनाओं की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कायी में पारदर्शिता से कार्य करें, जब कार्य शुरू हो तभी से उसका अनुश्रवण करें, कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दे।

ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि अधिकारी ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य में क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रधान ग्राम पंचायत एवं ग्रामवासियों का भी सहयोग ले। पंचायतराज विभाग की समीक्षा के दौरान राशनकार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,परिवार रजिस्टर शंशोधन की चर्चा में कर्मचारियों द्वारा आधी अधूरी प्रगति प्रस्तुत करने पर प्रमुख द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई तथा कार्य शैली में सुधार लाने के निर्देशित दिए। पंचायत भवन की चर्चा में 15 पंचायत भवन स्वीकृत है,लेकिन अवर अभियन्ता पंचायत को पंचायत भवन की माप की जानकारी नही है,जिसमें प्रमुख ने उन्हे सही तरीके से माप की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ग्राम पंचायत की राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त की प्रगति समीक्षा के दौरान ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों द्वारा आधी अधूरी रिपोट प्रस्तुत करने पर प्रमुख द्वारा एडीओ पंचायत एवं ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को चेतावनी देते हुए,निर्देशित किया कि सभी अधिकारी पूर्ण सूचना के साथ बैठक में प्रतिभाग करें। जिन स्वीकृत योजनाओं पर कार्य नही हो रहा है उन्हे संशोधित करके नया प्लान बनाने के निर्देश दिए। एन.आर.एल.एम की चर्चा में समूह गठन सीसीएल,एमसीसी पर चर्चा हुई प्रमुख द्वारा निर्देशित किया कि समूहो का वार्षिक टर्न ओवर का लेखा जोखा तैयार किया जाए तथा आगामी बैठक में पूरा लेखा जोखा सहित उपलब्ध कराये। सहकारिता विभाग की चर्चा में सहायक विकास अधिकारी सहकारिता द्वारा समितियों के माध्यम से ऋण वितरण की जानकारी दी,कि समितियों द्वारा 0%प्रतिशत व्याज पर समिति के सदस्यों को ऋण वितरण किया जा रहा है, इसका प्रचार प्रसार किया जाए। युवा कल्याण विभाग की चर्चा में बी0ओ0 द्वारा बताया गया कि विकासखण्ड में 33 ग्राम पंचायतों में जिम निर्माण के लिए धनराशि स्वीकृत है, प्रमुख द्वारा निर्देशित किया कि उक्त योजना सभी ग्राम पंचायतों में लागू की जाए। वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रमुख द्वारा निर्देशित किया गया कि गत वषी में जो फलदार पौधे रोपित किये गये थे, उसका आउट पुट क्या है तथा आगे के लिए ग्राम पंचायतों में फलदार पौधों की मांग प्राप्त कर खण्ड विकास अधिकरी को सूची उपलब्ध कराये साथ ही ग्राम पंचायतवार पूर्व में रोपित फलदार जीवित पौधो का विवरण उपलब्ध कराये।

प्रधानमंत्री आवास योजना में विकासखण्ड में 161आवास स्वीकृत है,जिनका कार्य प्रगति पर है,खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि आवासों की गुणवत्ता पर ध्यान देकर आवासों का कार्य 3 माह में पूर्ण करे, मनरेगा योजना की समीक्षा के दौरान डी.पी.ओ. द्वारा बताया गया कि इस वित्तीय वर्ष में मनरेगा के अन्तर्गत 305 निर्माण कार्य स्वीकृत है,25 निर्माण कार्य पूर्ण हो गए है,280 निर्माण कार्य प्रगति पर है, अब तक 1 लाख 44 हजार 526 मानवदिवसो का श्रृजन हुआ है। 58 मजदूरों के 100 दिन की मजदूरी पूर्ण हो गई है,तथा अब तक 3 करोड़ 8 लाख 77 हजार रूपये मजदूरो का मजदूरी का भुगतान किया गया। प्रमुख द्वारा निर्देशित किया कि प्रत्येक कार्य पर बोर्ड बनाया जाए तथा उसपर योजना का पूर्ण विवरण अंकित किया जाए ताकि ग्रामवासियों को योजना की जानकारी मिल सके, साथ ही रोजगार परक योजना के अन्तर्गत व्यक्तिगत लाभार्थी योजना में पात्र व्यक्तियों को मुर्गीबाड़ा,बकरीबाड़ा,गौशाला आदि का चयन कर इनका भौतिक सत्यापन भी करें। समाज कल्याण की समीक्षा में इस वित्तीय वर्ष में वृद्धावस्था पेंशन के 90, विधव पेंशन के 44,दिव्यांग पेंशन के 13, दिव्यांग भरण पोषण अनुदान 4, किसान पेंशन 50,परित्यक्ता पेंशन2,राष्ट्रीय परिवारिक लाभ 1 स्वीकृती हुई है साथ ही एस.सी.पी. के अन्तर्गत 9 योजनाओं 48.66 लाख के प्रस्ताव प्रेषित किये गए है। प्रमुख द्वारा सभी अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे आगामी समीक्षा बैठक में पूर्ण तैयारी के साथ अपने अभिलेखो के साथ उपस्थित हो तथा अपने क्षेत्रो में सरकार द्वारा संचालित जनहित की योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करें जिससे कि आम आदमी को इसका लाभ मिल सके,इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी जयकृत सिंह बिष्ट,सहायक विकास अधिकारी पं0 जयदीप रावत, सहायक समाज कल्याण अधिकारी हरपाल सिंह रावत,बी.ओ.संजय बिष्ट,ए.डी.ओ.कोपरेटिव केदारदत्त कण्डवाल,लेखाकार, पी.डी.सनवा ल,डी.पी.ओ अश्वत बड़ त्वाल ,जे.ई खेमपाल,रश्मि,विजयपाल,चन्द्रपाल,नवीन सिंह,ए.बी.डी.ओ. जितेन्द्र सिंह,समस्त ग्राम विकास अधिकारी,ग्राम पंचायत विकास अधिकारी,रोजगार सेवक,एन.आर.एल.एम. स्टॉफ एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



द्वारीखाल में समीक्षा बैठक लेते ब्लाक प्रमुख महेंद्र सिंह राणा।

# दिव्यांग बच्चों हेतु वातावरण निर्माण कार्यशाला का आयोजन



द्वाराहाट, समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत बीआरसी द्वाराहाट में दिव्यांग बच्चों हेतु वातावरण निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक अध्ययनरत बच्चों ने प्रतिभाग किया बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी उपस्थित रहे कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए उप शिक्षा अधिकारी डी एल आर्य ने दिव्यांगता पर विस्तृत रूप से चर्चा की तथा विकासखंड की ओर से दिव्यांग बच्चों को हर संभव सहयोग देने की बात कही उन्होंने कुछ ऐसे लोगों के उदाहरण देते हुए बताया जिन्होंने दिव्यांग होते हुए भी शिखर को छुआ सहायक खंड विकास अधिकारी श्री धन राम ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे विभिन्न प्रकार की पेंशन दिव्यांग छात्रवृत्ति तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी स्वयंसेवी संस्था मां नंदी देवी सेवा समिति की कार्यकत्री मनीषा ने अपनी संस्था द्वारा किए जा रहे समाज सेवा के कार्यों की जानकारी दी कार्यशाला को दीपिका वर्मा, दीपेश उपाध्याय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ अध्यक्ष पुष्कर सिंह आदि लोगों ने संबोधित किया। कार्यशाला में बच्चों को कुछ गतिविधियां तथा कुछ खेल आदि कराए गए अंत में कार्यशाला में प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम गुप्ता ने किया ।

## कर्मचारियों का शोषण है नई पेंशन स्कीम : आर्य

हल्द्वानी। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने नई पेंशन स्कीम को कर्मचारियों का शोषण बताया है। उनका कहना है कि छत्तीसगढ़, पंजाब और हिमाचल जैसे राज्यों में कांग्रेस सरकार ने पुरानी पेंशन लागू कर उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने उत्तराखंड सरकार से भी मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने और केंद्र सरकार को भी सिफारिश भेजने को कहा है। मीडिया को जारी बयान में नेता प्रतिपक्ष ने कहा है कि, पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) राष्ट्रीय मुद्दा बन चुकी है। देशभर में सरकारी कर्मचारी ओपीएस को बहाल करने के लिए मुखर हैं। जो कर्मचारी 2005 के बाद भर्ती हुए हैं, उन्हें पेंशन नहीं मिलती है ।

# भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस पार्टी का पुतला फूंका



चम्पावत। भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन किया। उन्होंने सदन में विधानसभा अध्यक्ष के अपमान को लेकर गुस्सा जाहिर किया। साथ ही कांग्रेस पार्टी पर लोकतंत्र के ह्रास का आरोप लगाया। गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल के निर्देश में महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुनीता मुरारी और महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनीता यादव के नेतृत्व में महिला मोर्चा मंडल ने चड्डा चौराहे पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा का पुतला फूंका। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस पार्टी की घोर निंदा की।

कहा कि विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी के साथ अभद्र व्यवहार करने पर महिला मोर्चा की सैकड़ों बहनें सड़कों पर निकलने को मजबूर हैं। कहा कि कांग्रेस को इसके लिए तत्काल माफी मांगनी चाहिए।

# चम्पावत में बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि



चम्पावत। चम्पावत में गरज के साथ रिमझित बारिश और ओलावृष्टि हुई। इससे तापमान में गिरावट आ गई। ठंड से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। बारिश के साथ ही ओलावृष्टि होने से बागवानी फसलों को नुकसान पहुंचा है। पहाड़ी हिस्सों में शीतकालीन बारिश न होने से पिछले कुछ समय से सूखे जैसे हालात पैदा हो रहे हैं। जिसे बारिश से संजीवनी मिली है। सिंचाई के अभाव में खेतों लगाई फसल सूख गई। बारिश न होने का असर पेयजल स्त्रोतों पर भी देखा गया है। पेयजल स्त्रोतों का डिस्चार्ज 50 फीसदी कम हो गया है। काले बादल छाने के बाद गुरुवार को कुछ देर झमाझम बारिश के साथ ओलावृष्टि होने से फसलों को नुकसान पहुंचा है। एक तरफ जहां फसलों को संजीवनी मिली तो कई जगहों पर सिटरस फलों के अलावा आड़ू, खुबानी, पुलम, नाशपाती, आदि फलों को तगड़ा नुकसान होने की संभावना है।

## बहन को भेजे दस लाख रुपये लेकर फरार हुआ कर्मचारी

हल्द्वानी। ज्वेलरी कारोबारी एक महिला ने अपने ही कर्मचारी पर दस लाख रुपये के गबन का आरोप लगाया है। कार्रवाई को लेकर वह आठ माह से लालकुआं थाने के चक्कर काट रही है। सुनवाई नहीं हुई तो पीड़िता ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है। पटेल चौक में ज्वेलरी शॉप चलाने वाली प्रिया गुप्ता का कहना है कि दो साल पूर्व उनके पति की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद से कारोबार की जिम्मेदारी उस पर आ गई। धौली रेंज निवासी अनोखे उनकी दुकान में काम करता था। कहना है कि जुलाई 2022 को उनकी बहन ने रुपयों की जरूरत होने की बात कही।

# तहसीलदार ने लगाई क्लास, 2 के पहाड़े में अटका छात्र

सितारगंज,राजस्व अधिकारियों ने प्राथमिक विद्यालय गौरीखेड़ा का निरीक्षण किया। यहां 172 पंजीकृत विद्यार्थियों में 130 विद्यार्थी उपस्थित मिले। उन्होंने प्रधानाचार्य को मिड डे मील में साप्ताहिक मैन्यू तैयार करने के निर्देश दिये।तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी ने उपशिक्षाधिकारी सुषमा गोरव के साथ गुरुवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय शक्तिफार्म का निरीक्षण किया। तहसीलदार ने मिड डे मील चैक किया।



दाल में नमक और मिर्च अधिक थी। निरीक्षण में 74 पंजीकृत छात्रों में 48 बच्चे उपस्थित मिले। तहसीलदार ने कक्षा 2 के बच्चों से दो का पहाड़ा पूछा तो नहीं बता पाये। विद्यालय की भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत पर अतिक्रमणकारियों ने 25 दिनों में अतिक्रमण स्वयं हटाने के लिए मोहलत मांगी। तहसीलदार ने विद्यालय परिसर में सफाई, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और मिड डे मील में नमक, मिर्च कम करने के लिए निर्देशित किया।इधर एसडीएम तुषार सैनी ने प्राथमिक विद्यालय गौरीखेड़ा का निरीक्षण किया। यहां 172 पंजीकृत विद्यार्थियों में 130 विद्यार्थी उपस्थित मिले। उन्होंने प्रधानाचार्य को मिड डे मील में साप्ताहिक मैन्यू तैयार करने के निर्देश दिये।

# उपनल कर्मियों का अनिश्चितकालीन धरना शुरू



बागेश्वर। स्वास्थ्य विभाग में कोविड काल के दौरान तैनात उपनल कर्मियों की सेवा अवधि समाप्त हो गई है। इस पर कर्मचारियों ने कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज कर्मचारियों ने अवधि बढ़ाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा वह आंदोलन तेज करेंगे। अध्यक्ष दीपू कन्नोजिया के नेतृत्व में कर्मचारी गुरुवार को कलक्ट्रेट पहुंचे। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि गत वर्ष 31 मार्च को भी उनका सेवाकाल समाप्त कर दिया गया। सेवा अवधि बढ़ाने को उन्होंने छह महीने तक आंदोलन किया। इसके बाद सरकार ने छह महीने का समय बढ़ाया। 15 मार्च को फिर समय समाप्त हो गया है। अब एक बार एक और उनके समाने संकट गहराया गया है। उन्होंने 61 कर्मचारियों पर उपेक्षा का आरोप लगाया है।

## नई बोतल में पुरानी शराब भरने जैसा है बजट : छिमवाल

हल्द्वानी। नैनीताल कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने राज्य सरकार के बजट पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि सरकार का बजट महज छलावा है। ये केवल नई बोतल में पुरानी शराब पेश करने जैसा है। राज्य में सरकारी विभागों के 68 हजार से अधिक रिक्त पद बेरोजगारों का मजाक उड़ा रहे हैं।हल्द्वानी स्वराज आश्रम स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में राहुल छिमवाल ने कहा कि यह बजट बताता है कि राज्य पर कर्ज का कितना अधिक बोझ है।

# विधायक कैड़ा ने सदन में उठाया स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी का मुद्दा

हल्द्वानी। विधायक राम सिंह कैड़ा ने गुरुवार को विधानसभा में भीमताल क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ और भीमताल ब्लॉक में स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिलने से लोगों को इलाज के लिए हल्द्वानी या नैनीताल जाना पड़ता है। समय पर उपचार नहीं मिलने से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने सरकार से राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओखलकांडा का उच्चीकरण करने की मांग उठाई। वहीं ओखलकांडा, भीमताल पदमपुरी, रामगढ़ ब्लॉक के अस्पतालों में पर्याप्त स्टाफ के साथ स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर बनाने की मांग की। विधायक ने यह भी कहा कि भीमताल विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों में शिक्षकों के कई पद रिक्त चल रहे हैं। क्षेत्र से शिक्षकों का प्रमोशन कर उनका स्थानांतरण किया जा रहा है, लेकिन उनके स्थान पर शिक्षक नहीं भेजे जा रहे हैं। कई प्राथमिक विद्यालय केवल एक–एक शिक्षा मित्र के सहारे चल रहे हैं। जिस कारण छात्र छत्राओं को पठन पठान में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने शिक्षकों, प्रधानाचार्य के रिक्त पदों को भरने और स्कूल भवनों का निर्माण कराने की मांग की।

## व्यापारियों के लिए बजट निराशा से भरा : पांडे

हल्द्वानी। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के निवर्तमान संयुक्त प्रभारी एवं जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे ने राज्य सरकार के बजट को निराशाजनक बताया है। प्रेस को जारी बयान में कहा कि सरकार व्यापारियों को सिर्फ टैक्स कलेक्शन का माध्यम समझती है।

# खटीमा में बिजली चोरी रोकने के लिए संघन छापेमारी शुरू



खटीमा। खटीमा क्षेत्र में बिजली चोरी रोकने के लिए ऊर्जा विभाग ने सघन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है बिजली चोरी के मामले पकड़ने के लिए अफसरों की अलग–अलग टीमें गठित की गई हैं जो शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर अभियान चलाकर चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के साथ ही जुर्माने की करवाई कर रहा है। अभी तक ऊर्जा विभाग ग्रामीण अंचलों में 21 चोरी के मामले पकड़ कर 5 लाख से अधिक का जुर्माना ठोक चुका है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया जा रहा है।

ऊर्जा विभाग की टीमों ने बिजली चोरों के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान शुरू कर दिया है। खटीमा के कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली चोरी की लगातार विभाग को शिकायतें मिल रही हैं। जिसे रोकने के लिए ताबड़तोड़ छापेमारी की जा रही है। छापेमारी टीमें योजना के अनुरूप कार्य कर रही हैं। चोरी के प्रकरण पकड़ने के लिए तकनीकी रूप से भी कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत कैमरे का इस्तेमाल किया जा रहा है। अभी तक खटीमा क्षेत्र के कुछ गांव में डेढ़ दर्जन से अधिक चोरी के मामले पकड़े जा चुके हैं। जिसे गंभीरता से लेते हुए ऊर्जा विभाग ने छापेमारी अभियान को और अधिक तेज कर दिया है। खटीमा के अधिशासी अभियंता चंदन सिंह बस्नेत ने बताया कि लगातार ऊर्जा विभाग की टीमें छापेमारी कर रही हैं। अभियान निरंतर जारी रहेगा। बिजली चोरी करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आम जनमानस से समय पर बिजली बिल का भुगतान करने और चोरी करने से बचने की अपील की है।

## 1 लाख की धनराशि से होगा गोल्ज्यू मंदिर मार्ग का निर्माण–बेहड

किच्छा। विधायक तिलक राज बेहड़ बेहड़ ने प्रेस वार्ता के द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि चुटकी देवरिया में गोल्ज्यू मंदिर के मार्ग का निर्माण हेतु किच्छा उन्होंहे लोक निर्माण विभाग को पत्र लिख कर इस सड़क का निर्माण कराए जाने का आग्रह किया था.जिस पर लोक निर्माण विभाग ने स्वीकृति प्रदान कर दी है तथा उन्होंहे कहा कि किच्छा विधानसभा के ग्राम चुटकी देवरिया में गोलज्यू मंदिर मार्ग निर्माण की स्वीकृति जन भावनाओं के अनुरूप मेरे प्रस्ताव पर हो गई है, जिस पर शीघ्र ही कार्य आरम्भ हो जायेगा, उक्त मार्ग की लम्बाई 1.5 किलोमीटर है इसकी लागत लगभग 61 लाख रुपये है. लोक निर्माण विभाग प्रमुख अभियंता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मार्ग की शासकीय तथा वित्तीय स्वीकृति उन्हें प्राप्त हो चुकी है तथा इस मार्ग पर शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा ।

# एसडीएम तुषार सैनी ने कंपनी के डायरेक्टर पीके बत्रा के साथ 40 लाभार्थियों को आवंटन पत्र सौंपे




सितारगंज । पीएम आवास योजना शहरी के तहत ग्राम उकरौली में लाभार्थियों को आवंटन पत्रों का वितरण किया गया। ग्रिप कंस्ट्रक्शन कंपनी उकरौली में 1168 आवासों का पीएम आवास योजना शहरी के तहत ग्राम उकरौली में लाभार्थियों को आवंटन पत्रों का वितरण किया गया। ग्रिप कंस्ट्रक्शन कंपनी उकरौली में 1168 आवासों का निर्माण कर रही है। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा और प्रेम चंद्र अग्रवाल ने 10 मार्च को ड्रॉ से 394 लाभार्थियों के आवास आवंटित किए थे। 23 लाभार्थियों को आवंटन पत्र सौपे थे।

गुरुवार को एसडीएम तुषार सैनी ने कंपनी के डायरेक्टर पीके बत्रा के साथ 40 लाभार्थियों को आवंटन पत्र सौंपे।

# भाजपा महिला मोर्चा का कांग्रेस विधायकों के खिलाफ प्रदर्शन

हल्द्वानी। भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस विधायकों पर बजट सत्र के दौरान विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी के साथ अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया। इसके विरोध में हल्द्वानी में प्रदर्शन कर कांग्रेस विधायकों का पुतला दहन किया। आरोपी विधायकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। गुरुवार को बुद्ध पार्क हल्द्वानी में महिला मोर्चा के कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष अलका जीना एवं सह प्रदेश मीडिया प्रभारी विजया लक्ष्मी चौहान के नेतृत्व में एकत्र हुए। वक्ताओं ने कहा कि संस्कारहीनता और दोगला आचरण ही कांग्रेस के पतन का प्रमुख कारण



है। यहां एक तरफ उनकी नेता प्रियंका गांधी वाड्रा 'लड़की हूं लड़ सकती हूं' की बात करती हैं, वहीं दूसरी तरह उत्तराखंड की पहली महिला स्पीकर के साथ कांग्रेसियों का अमर्यादित व्यवहार दर्शाता है कि कांग्रेस के नेताओं और उनकी नेता के विचारों में धरती आसमान का अंतर है। विजयालक्ष्मी चौहान ने कहा, मेरा प्रियंका गांधी वाड्रा से निवेदन है महिला विरोधी सोच रखने वाले व्यक्तियों को तत्काल प्रभाव से पार्टी से निलंबित किया जाए। जिससे समाज में अच्छा संदेश जाए। कहा, हम अलग–अलग दलों से जुड़े होने के कारण प्रतिस्पर्धी हो सकते हैं, लेकिन हम विरोधी नहीं हैं। एक बेहतर समाज के निर्माण का सपना हमारी आंखों में है और वह तभी साकार होगा जब ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रदर्शन में कई महिला कार्यकर्ता शामिल हुए।

## पशु मित्र नौकरी की मांग पर दूसरे दिन भी अनशन पर

चम्पावत। आरसेटी की ओर से प्रशिक्षण प्राप्त पशु मित्र संगठन ने संविदा में नौकरी की मांग पर क्रमिक अनशन दूसरे दिन भी जारी रहा। संगठन ने कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती है। तब तक उनका अनशन जारी रहेगा। गुरुवार को एसडीएम कार्यालय परिसर में पशु मित्र संगठन के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार के नेतृत्व में प्रशिक्षण प्राप्त पशु मित्रों ने कहा कि साल भर पहले उन्होंने आरसेटी की ओर से दो महीने का प्रशिक्षण लिया था।

जिसमें उनको संविदा में नौकरी का आश्वासन दिया था। लेकिन अब तक उनको नौकरी नहीं मिली। उन्होंने पशु चिकित्सालय में पशु मित्रों को संविदा में नौकरी में रखने की मांग उठाई।

# नगर पालिका बोर्ड की मीटिंग में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास किए गए



सितारगंजः नगर पालिका बोर्ड की मीटिंग में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास किए गए। इस दौरान यूजर चार्ज को लेकर आमजन को जागरूक किया गया। सभागार में गुरुवार को बोर्ड मीटिंग का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष हरीश दुबे, संचालन अधिशासी अधिकारी प्रियंका आर्य ने किया। बोर्ड मीटिंग प्रारंभ होते ही समस्त सभासदों ने एक स्वर से यह मांग उठाई कि नगर में लिए जा रहे यूजर चार्जर में अगर वर्तमान बोर्ड की कोई भूमिका हो तो उसे तत्काल समाप्त कर दिया जाए। जिस पर अधिशासी अधिकारी प्रियंका आर्या ने बताया कि नगर में लिया जाने वाला ऊर्जा चार्जर शासन के गजट एवं अदालत के आदेशानुसार वसूला जा रहा है। जिसे शासन की अनुमति के बिना समाप्त नहीं किया जा सकता है। इसके बाद प्रस्ताव पास किया गया कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले पर्यावरण मित्र को पुरस्कृत किया जाएगा। बजट के अनुसार नए वित्तीय वर्ष में शेष रह गए टाइल रोड व नाली निर्माण के कार्य कराए जाएंगे। इसके साथ ही पालिका प्रशासन के खिलाफ अनर्गल टिप्पणी करने वाले पर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष हरीश दुबे, अधिशासी अधिकारी प्रियंका आर्य, वरिष्ठ लिपिक राजेश अरोरा, सभासद नूर बैग, उषा सागर, कंचन चौहान, रितु गहतोड़ी, सचिन गंगवार आदि थे।

# स्वयं सेवियों को बताया एनएसएस का महत्व


विद्यालय में एनएसएस शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान चलाते स्वयं सेवी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज जानकी नगर में एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को एनएसएस के महत्व के बारे में बताया।

विशेष शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित पौड़ी जिला के जिला समन्वयक परितोष रावत, विद्यालय के प्रधानाचार्य लोकेंद्र दत्त अंथवाल, प्रदीप नौटियाल एवं विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अनिल कोटनाला एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी राजन शर्मा के द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम का संचालन राजन शर्माऔर सलोनी चंद्रा स्वयंसेवी ने किया। स्वयंसेवी की ओर से सुहानी नेगी नमिता जुयाल, अक्षिता नौटियाल, खुशबू कंडवाल ,अनन्या रावत ने सांस्कृतिक कार्यक्रम कर कार्यक्रम को सुंदर बनाया और सोनू कुमार वंश कुमार ने एनएसएस पर संबंधित अपने विचार प्रस्तुत किए । अपराह्न बौद्धिक सत्र में सतीश देवरानी जी द्वारा साक्षरता विषय पर भईया बहिनों को उद्बोधन दिया गया। इसके पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत स्वयंसेवी सलोनी चंद्रा दीपिका मलाशी ,महक राणा कोटी मुदस्सिर ,हिमांशु कंडारी, ने गाया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में परितोष रावत ने सभी को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य एवं क्रियापकलाप गतिविधियों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी तथा शिविर के सफलतापूर्वक संपन्न होने की शुभकामनाएं प्रदान की। इसके पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा स्वयंसेवक को पूर्ण मन के साथ 7 दिन समाज के बीच में रहकर उनको जानकर अपनी गतिविधियों के द्वारा समाज को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया इसके पश्चात प्रदीप नौटियाल जी शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य जी ने स्वयंसेवकों को नियमित गतिविधियों को दिनचर्या के क्रियाकलापों के माध्यम से तत्पर होकर आदर्श नागरिक बनकर देश व समाज को अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक राहुल भाटीया ,संगीता रावत ,रोहित बलोदी ,मोहन गुसाई ,गौरव बुडाकोटी सहित 54 स्वयंसेवी ने प्रतिभाग किया।

### दूरस्थ गांवों में एएनएम की नियुक्ति की मांग की

नई टिहरी। जाखणीधार ब्लॉक के स्वास्थ्य केंद्रों में एएनएम के रिक्त पदों को भरने की मांग को लेकर जाखणीधार की ब्लाक प्रमुख सुनीता देवी ने डीएम डा. सौरभ गहरवार से मुलाकात की। जिस पर डीएम ने सीएमओ डा. मनु जैन को रिक्त पदों को भरने के लिए त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। गुरुवार को प्रमुख सुनीता देवी ने डीएम से मुलाकात कर उन्हें पत्र सौंपकर अवगत कराया कि जाखणीधार के दूरस्थ उप स्वास्थ्य केंद्रों में एएनएम के पद वर्षों से रिक्त चल रहे हैं। जिसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं व बच्चों का टीकाकरण से लेकर अन्य स्वास्थ्य सेवायें प्रभावित हो रही हैं। वर्षों बाद जनपद में एएनएम के 92 पदों पर नियुक्ति हुई। जिससे उम्मीद है कि जाखणीधार ब्लाक के दूरस्थ क्षेत्रों में एएनएम पहुंचेंगी, लेकिन इसके बाद भी दूरस्थ क्षेत्रों में अभी एएनएन की नियुक्ति न होने से लोगों को निराशा हो रही है।

## मसूरी में रोडवेज बस के ब्रेक फेल, ड्राइवर ने ऐसे बचाई यात्रियों की जान

देहरादून। मसूरी से देहरादून आ रही उत्तराखंड रोडवेज की बस के ब्रेक फेल हो गए। बस के ड्राइवर ने मोहम्मद आमिर ने सूझबूझ दिखाते हुए ढलान होने के बावजूद पहले तो बस की स्पीड को कंट्रोल किया, फिर बस को दीवार पर टकरा दिया। मसूरी देहरादून मार्ग पर मसूरी गर्ल्स स्कूल के समीप मोड़ पर ड्राइवर ने दीवार पर बस टकराकर बड़ा हादसा होने से रोका। ड्राइवर के अनुसार, रोडवेज की बस जब बस अड्डे से निकली तो ब्रेक लग रहे थे। मेसानीकलाज बस अड्डे से करीब 300 मीटर आगे जाकर ब्रेक फेल हो गए। चालक की सूझबूझ के चलते बस में सवार 35 सवारियों की जान बच गई और एक बड़ा हादसा होने से भी टल गया।

## दून अस्पताल से निकाले कर्मचारियों का धरना

देहरादून। नौकरी से हटाने के विरोध में दून अस्पताल में कर्मियों का धरना गुरुवार को भी जारी रहा। कोरोनाकाल में प्रदेश के अस्पतालों में 1600 कर्मचारी रक्खे गए थे। इनकी सेवा को खत्म हो गई। इससे दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सबसे ज्यादा दिक्कत लैब एवं वार्डों में हो रही है। यहां पर आउटसोर्स एजेंसी को अपने कर्मचारी बुलाने पड़े, वहीं वार्डों में एक एक नियमित वार्ड ब्वॉय ही रह गए। जिन पर कार्य का बोझ बढ़ गया।

स्टेट फ्रंटलाइन हेल्थ केयर वर्कर यूनियन अध्यक्ष संजय कोरंगा ने कहा कि जब तक उनकी सेवा विस्तारित नहीं की जाती, आंदोलन चलता रहेगा। इस दौरान यश वर्धन, आशा, मुकेश शर्मा, अंकिता, हिमांशु, चमन, मिथिलेश बलूनी, सौरभ, मनीषा, आकांक्षा, अंश तोमर, राम निवास आदि मौजूद रहे।

# पानी के बिल माफ करने को महाराज को भेजा ज्ञापन

नई टिहरी। एकता मंच ने राज्य आंदोलनकारी आकाश कृषाली के नेतृत्व में नई टिहरी नगर वासियों के पेयजल शुल्क मुक्ति के संदर्भ में काबीना मंत्री सतपाल महाराज को ज्ञापन प्रेषित किया। पेयजल शुल्क माफ न किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी। गुरूवार को एकता मंच के संयोजक आकाशी कृषाली के नेतृत्व में कलक्ट्रेट पहुंचकर डीएम के माध्यम से काबीना मंत्री सतपाल महाराज को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि यहां की जनता वर्षों से पेयजल शुल्क माफी को लेकर मांग करती आ रही है। जिसे लेकर प्रदेश सरकार ने सहमति भी बनाई थी।

लेकिन अब तक उचित कार्यवाही नहीं हुई। इस बीच जल संस्थान यहां के स्थानीय लोगों को भारी भरकम बिल पानी के भेजकर कनेक्शन काटने की चेतावनी देकर उत्पीड़न कर रहा है। बताया कि यहां की जनता की अधिकांश समस्यायें टिहरी बांध के कारण हुई है। जिनके आश्वासन के लिए बार–बार सरकार के माध्यमों से भरोसा तो दिया गया। लेकन इसका समाधान नहीं हुआ। इसलिए जरूरी है कि यहां के स्थानीय लोगों के बिल पूरी तरह से माफ किये जायें। यदि पानी के बिलों को लेकर जल संस्थान ने बिल वसूली को उत्पीड़नात्मक कार्यवाही की, तो एकता मंच देहरादून में मंत्री के आवास के समक्ष धरना देने को मजबूर होगा। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में एकता मंच के संयोजकन आकाश कृषाली, देवेश्वर प्रसाद उनियाल, मंजीत राणा, गणेश गैरोला, अनुपम भट्ट, अमूल्य पैन्यूली, सोनू कुमार, संजू, बुद्धि लाल, सुरी, चांद, राम अवतार, संजय थपलियाल आदि मौजूद रहे।

## गोपेश्वर में भाजपाइयों का कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन

चमोली। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय गोपेश्वर में गुरुवार को कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन किया। कहा गैरसैंण में विधानसभा सत्र के दौरान सदन में कांग्रेस विधायकों ने शिष्टाचार के विरुद्ध व्यवहार किया। गुरुवार को गोपेश्वर तिराहे पर प्रदर्शन करने के साथ कांग्रेस का पुतला फूंका। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही भाजपा महिला मोर्चे की जिलाध्यक्ष डा. हिमानी वैष्णव ने कहा कि पहली महिला स्पीकर के साथ कांग्रेस विधायकों ने शिष्टाचार के विरुद्ध व्यवहार किया। प्रदेश की महिला शक्ति इसकी घोर निंदा करती है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष नंदी राणा, युवा मोर्चा से संजय, सभासद उपेंद्र भंडारी, भागीरथी कुंजवाल, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य हरिबोधनी खत्री, महामंत्री ज्योति ममगाईं, वरिष्ठ कार्यकर्ता सुधा बिष्ट सहित भाजपा के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्कूटर सवार युवक ने पैदल जा रही युवती का पर्स लूटा

देहरादून। रिंग रोड पर पैदल जा रही महिला का पर्स लूट लिया गया। पर्स में महिला का मोबाइल और नगदी थी। तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हेमा देवरानी निवासी इंद्रप्रस्थ रिंग रोड बुधवार शाम अपनी मौसी को छोड़ने घर से कुछ दूरी पर गई। वह वहां से अपनी मां के साथ पैदल वापस लौट रही थी। तभी रिंग रोड पर स्कूटर सवार युवक पीछे से आया। उसने झपाटा मारा और हेमा का पर्स छीनकर ले गया। महिला और उसकी मां जब तक संभलकर कुछ समझ पाती आरोपी दूर निकल गया था। दोनों चिल्लाई तो लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। नेहरू कॉलोनी थानाध्यक्ष लोकेंद्र बहुगुणा ने बताया कि महिला की तहरीर केस दर्ज किया गया है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आसपास के सीसीटीवी फुटेज के जरिए आरोपी और उसके दुपहिया की पहचान की कोशिश की जा रही है।

# जिलाधिकारी ने दिए निर्देश लंबित कार्यों को जल्द करें पूरा


पौड़ी में अधिकारियों की बैठक लेते जिलाधिकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः जिलाधिकारी डॉ0 आशीष चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मोबाइल टॉवर हेतु भूमि हस्तांतरण, जेडएएलआर अधिनियम की धारा 154 के भूमि क्रम से संबंधित विवरण, नजूल भूमि प्रकरणों और सौर संयत्र के लंबित विभिन्न प्रकरणों के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

जिलाधिकारी ने विभिन्न मामलों में तहसिलों, नगर निगम कोटद्वार और नगर पालिकालिकाओं के स्तर पर लंबित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करने के सक्ती से निर्देश दिये।

उन्होंने नजूल भूमि से संबंधित लंबित मामलों में 15 दिन, मोबाइल टॉवर लगाने से संबंधित भूमि प्रकरणों में 7 दिन तथा धारा 154 के अंतर्गत प्राप्त निवेश के आवेदनों के संबंध में स्पष्ट और विस्तृत स्टेट्स रिपोर्ट प्रस्तुत करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने धारा 154 से संबंधित प्रकरणों में तहसील सतपुली, लैंसडाउन व यमकेश्वर को सक्त चेतावनी जारी करते हुए यथोचित प्रगति करने के निर्देश दिये। साथ ही नजूल भूमि से संबंधित प्रकरणों के अधिक संख्या और लंबे समय तक लंबित रखने के चलते नगर आयुक्त और सहायक नगर आयुक्त कोटद्वार का उचित प्रगति ना होने तक वेतन आहरित न करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने टॉवर लगवाने के प्राप्त आवेदनों के लिए भूमि उपलब्धता के संबंध में लंबित आवेदनों के शीघ्र निस्तारण हेतु उपजिलाधिकारियों को संबंधित पटवारियों की जवाबदेही तय करने तथा भूमि उपलब्धता के संबंध में स्पष्ट प्रस्ताव प्राप्त करने के निर्देश दिये ताकि इसमें किसी भी तरह की देरी ना होने पाय। उन्होंने निर्देश दिये कि निर्धारित चैकलिस्ट में ही सभी रिपोर्ट देना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सौर ऊर्जा प्लांट के संबंध में समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिस अवधि तक प्लांट इन्स्टॉल किये जाने थे लगाना सुनिश्चित करें तथा यदि निर्धारित अवधि में किसी प्लांट लगाने की अवधि में सीमा विस्तार की आवश्यकता हो उन प्रकरणों को अवधि विस्तार हेतु शासन को समय से प्रेषित करें तथा व्यक्तिगत रूप से मामलों को परसु करने को परियोजना निदेशक उरेड़ा को निर्देशित किया ताकि त्वरित प्रगति हासिल हो सके। इस दौरान बैठक में उपजिलाधिकारी सदर आकाश जोशी, उपजिलाधिकारी कोटद्वार प्रमोद कुमार, लिड बैंक अधिकारी अनिल कटारिया, परियोजना निदेशक उरेड़ा राजेश्वरी सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका पौड़ी गौरव भसीम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# राज्यपाल की अध्यक्षता में हुई उत्तराखण्ड राज्य बाल कल्याण परिषद की 27वीं कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) की अध्यक्षता में गुरुवार को राजभवन में उत्तराखण्ड राज्य बाल कल्याण परिषद की 27वीं कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्यपाल ने कहा कि बाल कल्याण परिषद को राज्य मुख्यालय में ही सीमित न रखते हुए इसकी गतिविधियों को जनपदों में अधिक संचालित किये जाने के प्रयास करने होंगे। लोगों को बाल कल्याण के कार्यक्रमों और गतिविधियों की अधिकाधिक जानकारी हो, इसके लिए प्रचार–प्रसार किया जाय। उन्होंने परिषद की वेबसाईट और सोशल मीडिया अकाउंट्स बनाने के निर्देश दिये जिससे अधिक से अधिक लोग जुड़ सकें। राज्यपाल ने कहा कि बाल कल्याण परिषद को और अधिक सशक्त बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा आजीवन सदस्य बनाने के साथ ही संस्थाओं को सीएसआर के लिए भी प्रेरित करें।

राज्यपाल ने कहा कि बच्चों के कल्याण और उत्थान के लिए और अधिक कार्य करने की जरूरत है। प्रत्येक बच्चे का सर्वांगीण विकास हो, परिषद का यह उद्देश्य होना चाहिए। संसाधनों के अभाव में कोई भी बच्चा अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण से वंचित न रहे। सुविधाहीन बच्चों के हितों का संरक्षण करते हुए उन्हें आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किये जाय। बाल श्रम, बाल तस्करी, यौन उत्पीड़न जैसी चुनौतियों के समाधान खोजने के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ–साथ उनकी सुरक्षा, उनका अभिमुखीकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जाय। बैठक में राज्यपाल ने वर्ष 2023–24 के लिए प्रस्तावित बजट का अनुमोदन करने के साथ ही अन्य बिंदुओं पर अपनी सहमति दी। उन्होंने परिषद के कर्मियों के मानदेय में वृद्धि हेतु भी अपनी सहमति दी। बैठक में महासचिव पुष्पा मानस ने कार्यकारिणी की 26वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि व अनुमोदन प्राप्त किया। उन्होंने परिषद द्वारा विगत वर्ष में किये गये कार्यों और गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। बैठक में सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, वित्त नियंत्रक डॉ0 तृप्ति श्रीवास्तव, उत्तराखण्ड राज्य बाल कल्याण परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदीश बाबला, उपाध्यक्ष मधु बेरी व राकेश ओबेराय, महासचिव पुष्पा मानस, कोषाध्यक्ष डॉ0 आशा श्रीवास्तव सहित परिषद के विभिन्न पदाधिकारी, सदस्य व जिला कार्यकारिणी के सदस्य भी उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य शिविर 19 को

कोटद्वारः वरिष्ठ नागरिक संगठन के तत्वाधान और हंस फाउंडेशन जनरल हास्पिटल सतपुली के सहयोग से 19 मार्च को देवी रोड स्थित मेजर बालम सिंह चंद्रावती पूर्व सैनिक कल्याण ट्रस्ट के प्रांगण में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में हास्पिटल के विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए संगठन के मीडिया प्रभारी विनोद नेगी ने आम जन व वरिष्ठ नागरिकों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## एनएपीएस कार्यशाला में दी जानकारी

चमोली। डा. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग (चमोली) में राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्धन योजना (एनएसपीएस) के अंतर्गत एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में संस्थान के अनुदेशक राजूराम एवं जयदीप चौहान ने छात्र–छात्राओं को योजना के बारे में पावर पाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। तथा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डा. हरीश रतूड़ी, प्राचार्य प्रो. भारती सिंघल सहित अन्य प्राध्यापक मौजूद थे।




# भराड़ीसैंण में आयोजित हुआ श्री अन्न भोज का आयोजन

देहरादून। गैरसैंण विधानसभा सत्र के दौरान आज कृषि विभाग की ओर से भराड़ीसैंण में श्री अन्न (मिलेट) भोज का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी इस दौरान मांगल गीत के बीच पहाड़ी व्यंजनों का आनंद लिया। कृषि विभाग की ओर से आयोजित मिलेट भोज में तमाम पहाड़ी व्यंजन परोसे गए जिनमें कोदे की रोटी, अरसा, झंगोरे की खीर, गैत का फानू, लाल चावल, आलू के गुटके बनाए गए थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूड़ी, वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, कृषि मंत्री गणेश जोशी ने एक ही टेबल पर इन तमाम व्यंजनों का आनंद लिया। विधायकगण, अधिकारी, कर्मचारियों, मीडिया सहित बडी संख्या में लोग श्रीअन्न भोज में शामिल हुए।

# सीएम धामी ने प्रातः भ्रमण के दौरान सफाई कर्मियों





देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को प्रातः भ्रमण के दौरान विधानसभा परिसर भराड़ीसैंण के मुख्य मार्ग पर सफाई कर रहे स्वच्छता कर्मियों से बातचीत कर उनका हाल–चाल जाना। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विधानसभा सत्र में ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों से भी वार्ता की एवं उनके खाने, रहने से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री स्थानीय ग्रामीणों से भी बातचीत की। मुख्यमंत्री ने स्थानीय समस्याओं की जानकारी भी ली।

**उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लि.**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या: U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

**ई–निविदा विस्तार सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार से आमंत्रित ई–निविदा सं. 09/EDDK/22–23 से 12/EDDK/22–23 के निविदा प्रपत्र विक्रय करने की तिथि अपरिहार्य कारणवश 24.03.2023 को 16.00 बजे तक बढ़ायी जाती है तथा ई–निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की तिथि 25.03.2023 को 11.00 बजे तक स्वीकार की जायेगी एवं ई–निविदा प्रपत्र ऑनलाईन और ऑफलाईन निविदा प्रथम भाग खुलने की तिथि 25.03.2023 एवं समय 15.00 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। अन्य शर्तें पूर्ववत है।

पत्रांक: 750/विविखको/टी–6 दिनांक: 16.03.2023 अधिशासी अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें।
(टोल फ्री नं. 1912) विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं।
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. 1800 180 4185/ फैक्स संख्या–0135–2760911 पर दें।)

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, श्रीनगर (गढ़वाल) दूरभाष: 01346–252137,
Email: dgmsrl.upcl@yahoo.com कॉरपोरेट आई0डी0 संख्या (CIN) U40109UP2001SGC025867/2358

**निविदा विस्तारीकरण सूचना** दिनांक: 16.03.2023

एतद्द्वारा इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित ई–निविदा संख्या–40/2022–23 एवं 41/2022–23 को किन्ही अपरिहार्य कारणों से विस्तारित करते हुए क्रमशः ऑन लाइन एवं ऑफ लाइन जमा करने की तिथि 23.03.2023 12:00 बजे तक तथा खोलने की तिथि 24–03–2023 12:00 बजे की जाती है। अन्य नियम व शर्ते यथावत् रहेंगी।

पत्रांक: 443/वि0वि0म0श्री0/टी–9 अधीक्षण अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचावें (टोल फ्री नo :-1800 419 0405) विद्युत चोरी की सूचना हेतु सतर्कता अधिकारी से फैक्स 0135–2760911 एवं मोबाइल +91–8958811999 पर एस0एम0एस0 द्वारा रिपोर्ट करें।

## सम्पादकीय

# पर्यटन कारोबार में फोकस

उत्तराखंड में पर्यटन की बुनियाद मजबूत बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार पर्यटन से जुड़े कारोबारियों को खास रियायत देने जा रही है। उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने नई पर्यटन नीति को मंजूरी दे दी है जिसके पीछे सीधा और सपाट उद्देश्य प्रदेश में पर्यटन के अवसरों को बढ़ाना एवं साथ ही स्थानीय लोगों को स्वरोजगार से जोड़ना है। उत्तराखंड कैबिनेट की बैठक में पर्यटन को लेकर राज्य सरकार की गंभीरता इसी बात से स्पष्ट हो जाती है कि सरकार ने पर्यटन में निजी क्षेत्र को निवेश करने के लिए आमंत्रित किया है। यानी कि सरकारी व्यवस्थाओं के अलावा पर्यटक को को सुविधाएं देने के लिए निजी क्षेत्र के पर्यटन कारोबारियों को तमाम सुविधाएं राज्य सरकार सब्सिडी के माध्यम से उपलब्ध कराएगी। इस निजी क्षेत्र में बड़ी-बड़ी कंपनियां ही नहीं बल्कि स्थानीय लोगों को भी प्रोत्साहित किया जाएगा ताकि वे पर्यटन विकास की कड़ी का एक हिस्सा बनते हुए अपनी आजीविका के साधन भी मजबूत बनाएं। राज्य में जो निवेशक हेली टूरिज्म, कैरावेन टूरिज्म, एडवेंचर टूरिज्म, कैब ऑपरेटर के इलेक्ट्रिक वाहनों में पूंजी निवेश करेगा, उसे सरकार शत-प्रतिशत सब्सिडी देगी। बता दें कि 2018 की पर्यटन नीति में पर्यटन क्षेत्र में निवेश करने पर मात्र 10 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान था। उत्तराखंड राज्य में पलायन की समस्या को देखते हुए यह बेहद जरूरी हो गया था कि रिवर्स पलायन को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ पहाड़ों में बसे हुए लोगों को रोकने का प्रयास किया जाए। इसके पीछे सबसे बड़ी समस्या रोजगार को लेकर आ रही थी जिसे ध्यान में रखते हुए पर्यटन को रोजगार से जोड़ने की कोशिश की गई है। राज्य सरकार पहले ही वीर चंद्र सिंह गढ़वाली योजना एवं होमस्टे योजना के माध्यम से स्थानीय लोगों को उनके ही क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करा रही है लेकिन अब उत्तराखंड कैबिनेट के नए फैसले के बाद पर्यटन में निवेश करने वाले लोगों को 10% की बजाए अब शत-प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी। निश्चित तौर पर राज्य सरकार का यह एक महत्वपूर्ण कदम है जिसका आने वाले दिनों में असर नजर आएगा हालांकि यह बेहद जरूरी है कि सरकार की इस योजना का लाभ स्थानीय लोगों तक पहुंचे और वे पहाड़ों में ही पर्यटन क्षेत्र से जोड़ते हुए अपने कारोबार स्थापित करें। यह नहीं होना चाहिए कि सब्सिडी का लाभ ऐसे लोग ले उड़े जो पहले से ही ग्रामीणों की जमीनों को खरीद कर या फिर उन्हें किराए पर लेकर रिजॉर्ट्स या होटल/गेस्ट हाउस चला रहे हैं। निश्चित तौर पर स्थानीय लोग इन योजनाओं से लाभान्वित होने चाहिए।

# निष्पक्ष हों संवैधानिक संस्थाएं

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने हर चुनाव अभियान में इस बात पर जोर देते हैं कि सभी विपक्षी दल भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हैं जबकि भाजपा ईमानदार सरकार देने का वायदा करती है। पिछले हफ्ते कर्नाटक के भाजपा विधायक के बेटे को किसी ठेकेदार से 40 लाख की रिश्वत लेते लोकायुक्त ने गिरफ्तार करवाया। उसके घर से 8 करोड़ रुपये भी बरामद हुए। इसी राज्य में पिछले वर्ष एक ठेकेदार ने सार्वजनिक रूप से आरोप लगाया था कि भाजपा सरकार का मंत्री उससे 40 प्रतिशत कमीशन मांग रहा है। कर्नाटक का तो यह एक उदाहरण है पर क्या जनता कह सकती है कि उनके राज्य में भाजपा के सत्ता के आने बाद भ्रष्टाचार खत्म हो गया या कम हो गया? तो क्या वजह है कि पिछले वर्षों में सीबीआई और ईडी के छापे केवल विपक्षी दलों के नेताओं पर ही पड़े हैं?**




विनीत नारायण

भारत निर्वाचन आयोग में चुनाव आयुक्तों और मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को लेकर सर्वोच्च अदालत की 5 सदस्यीय संवैधानिक बेंच ने पिछले गुरुवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाया।

फैसले के बाद भारत निर्वाचन आयोग में आयुक्तों की नियुक्ति पर केंद्र का सीधा हस्तक्षेप घटेगा। कोर्ट ने फैसला सुनाते समय इस बात पर जोर डाला कि संविधानिक संस्थाओं का निष्पक्ष होना लोकतंत्र के लिए बहुत आवश्यक है। सभी राजनैतिक दलों ने फैसले का स्वागत किया जा रहा है। शीर्ष अदालत के 378 पन्नों के इस ऐतिहासिक फैसले के पीछे 1997 का 'विनीत नारायण बनाम भारत सरकारइ का फैसला है।

इस फैसले में प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई और सीवीसी के निदेशकों की नियुक्ति और उनके कार्यकाल को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए थे, जिससे जांच एजेंसियों को सरकारी दखल से अलग रख कर निष्पक्ष और स्वायत्त रूप से कार्य करने की छूट दी गई थी परंतु सवाल उठता है कि क्या जांच एजेंसियां सरकार के दबाव से मुक्त हुई? ऐसा क्या हुआ कि उसी शीर्ष अदालत ने सीबीआई को 'पिंजरे का तोताइ कहा?

दरअसल, पिछले कुछ वर्षों से चुनाव आयोग की कार्यशैली को लेकर विपक्षी दलों में ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र में आस्था रखने वाले हर जागरूक नागरिक के मन में भी अनेक प्रश्न खड़े हो रहे थे। सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयुक्त अरुण गोयल की नियुक्ति की फाइल मांग कर भारत सरकार की स्थिति को असहज कर दिया था पर इसका सकारात्मक संदेश देश में गया। सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग की विवादास्पद भूमिका पर टिप्पणी करते हुए 1990-96 में भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त रहे टीएन शेषन को याद किया और कहा है, 'देश को टीएन शेषन जैसे व्यक्ति की जरूरत हैइ

सर्वोच्च न्यायालय ने यह टिप्पणी 2018 से लंबित कई जनहित याचिकाओं की संवैधानिक पीठ के सामने चल रही सुनवाई के दौरान की जिनमें मांग की गई है कि चुनाव आयोग के सदस्यों का चयन भी कॉलेजियम प्रक्रिया से होना चाहिए। बहस के दौरान पीठ के अध्यक्ष न्यायमूर्ति जोसेफ ने कहा कि यह चयन सर्वोच्च न्यायालय के 'विनीत नारायण बनाम भारत सरकारइ फैसले के अनुरूप भी क्यों नहीं हो सकता है? जिसके अनुसार चयन समिति में तीन सदस्य हों-भारत के प्रधान न्यायाधीश, प्रधानमंत्री और लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष।

यह मांग सर्वथा उचित है क्योंकि चुनाव आयोग का वास्ता देश के सभी राजनैतिक दलों से पड़ता है। उसके सदस्यों का चयन केवल सरकार करती है तो जाहिरन ऐसे अधिकारियों को चुनेगी जो उसके इशारे पर चले।

इस फैसले के आधार पर जब तक संसद द्वारा कानून पास नहीं हो जाता तब तक इसी फैसले के दिशा-निर्देशों के अनुसार चुनाव आयुक्तों की नियुक्तियां होंगी। पिछले कुछ वर्षों से सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करते हुए जिस तरह मुख्य जांच एजेंसियों के निदेशकों की नियुक्ति और सेवा विस्तार किए जा रहे हैं, उससे इन एजेंसियों की स्वायत्तता और निष्पक्षता पर स्वाल उठ रहे हैं।

यदि किसी जांच एजेंसी के निदेशक को इस बात का पता है कि शीर्ष अदालत के आदेश के तहत उसकी नियुक्ति पारदर्शिता से हुई है तो उसे उसके दो साल के निश्चित कार्यकाल से कोई नहीं हटा सकता, परंतु यदि उसके नियुक्ति पत्र में कुछ ऐसा लिखा जाए कि उस निदेशक का कार्यकाल एक निश्चित अवधि 'या अगले आदेश तकइ वैध है, तो उस पर अप्रत्यक्ष रूप से सरकारी दबाव बना रहता है। ऐसे में वो निदेशक कितना स्वायत्त या निष्पक्ष रहेगा कहा नहीं जा सकता।

भाजपा के वरिष्ठ नेता अरुण जेटली ने राज्य सभा में कहा था, 'यह खतरा बड़ा है, रिटायर होने के बाद सरकारी पद पाने की इच्छा रिटायर होने से पहले के जज के फैसलों को प्रभावित करती है, यह न्यायपालिका की स्वतंत्रता के लिए खतरा हैइ एक अन्य बयान में जेटली ने कहा था, 'रिटायर होने से पहले दिए जाने वाले फैसले रिटायर होने के बाद मिलने वाले पद के प्रभाव में दिए जाते हैंइ जेटली का बयान न सिर्फ जजों पर लागू होता है, बल्कि जांच एजेंसियों और कुछ संविधानिक पदों पर नियुक्त लोगों पर भी लागू होता है। ऐसे में इस ऐतिहासिक फैसले का स्वागत किया जाना चाहिए, परंतु सरकार जिस भी दल की हो वो ऐसी नियुक्तियों के लिए भेजे जाने वाले नामों के पैनल में केवल अपने चहेते अधिकारियों के ही नाम भेजती है।

ऐसे में नियुक्त करने वाली समिति के पास इन्हीं नामों में से एक का चयन करने का विकल्प रहता है। यदि महत्त्वपूर्ण पदों पर नियुक्त होने वाले व्यक्तियों की सूची को सार्वजनिक किया जाए और बेदाग छवि वाले सेवानिवृत्त अधिकारियों की राय भी ली जाए तो ऐसी नियुक्तियों को निष्पक्ष माना जा सकता है। इस दिशा में व्यापक दिशा-निर्देशों की भी आवश्यकता है। ऐसा होता है तो जनता का विास न सिर्फ नियुक्ति की पग्राली में बढ़ेगा, बल्कि इन संस्थाओं की कार्यशैली में भी बढ़ेगा।

जांच एजेंसियां हों या चुनाव आयोग या कोई अन्य सांविधानिक संस्था यदि वो निष्पक्ष और स्वायत्त रहती है तो लोकतंत्र मजबूत रहता है। यदि ऐसा नहीं होता तो लोकतंत्र खतरे में आ सकता है। इसलिए सर्वोच्च अदालत के फैसले का स्वागत करते हुए इसे कानून का रूप दिया जाना चाहिए और साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सभी नियुक्तियों को पारदर्शिता से किया जाए न कि पक्षपात के साथ।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने हर चुनाव अभियान में इस बात पर जोर देते हैं कि सभी विपक्षी दल भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हैं जबकि भाजपा ईमानदार सरकार देने का वायदा करती है।

पिछले हफ्ते कर्नाटक के भाजपा विधायक के बेटे को किसी ठेकेदार से 40 लाख की रिश्वत लेते लोकायुक्त ने गिरफ्तार करवाया। उसके घर से 8 करोड़ रुपये भी बरामद हुए। इसी राज्य में पिछले वर्ष एक ठेकेदार ने सार्वजनिक रूप से आरोप लगाया था कि भाजपा सरकार का मंत्री उससे 40 प्रतिशत कमीशन मांग रहा है। कर्नाटक का तो यह एक उदाहरण है पर क्या जनता कह सकती है कि उनके राज्य में भाजपा के सत्ता के आने बाद भ्रष्टाचार खत्म हो गया या कम हो गया? तो क्या वजह है कि पिछले वर्षों में सीबीआई और ईडी के छापे केवल विपक्षी दलों के नेताओं पर ही पड़े हैं? इस विवाद से बचने को जरूरी है कि मोदी जी जांच एजेंसियों और संविधानिक संस्थाओं की पारदर्शिता और स्वायत्तता सुनिश्चित करें।

# कितना कसेगा शिकंजा?



> क्रिप्टो कारोबार एक नई चीज है, जबकि मनी लॉन्ड्रिंग कानून उस समय की स्थितियों के मुताबिक बना था। इसलिए कुछ विशेषज्ञों ने सवाल उठाया है कि क्या यह कदम सचमुच इस नए कारोबार पर लगाम कस सकेगा। भारत ने अभी तक क्रिप्टोकरेंसी के लिए किसी खास कानून या नियमों को लागू नहीं किया गया है, जबकि भारती रिजर्व बैंक ने कई बार उनके इस्तेमाल के प्रति आगाह किया है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा है कि क्रिप्टोकरेंसी पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए क्योंकि वे पोंजी स्कीम के समान हैं। लेकिन सरकार ने यह सलाह नहीं मानी है। इसके बजाय उसने इस कारोबार को विनिमियत करने का महत्त्वाकांक्षी कदम उठाया है।

केंद्र सरकार ने क्रिप्टो करेंसी पर शिकंजा कसने के लिए नए नियम लागू किए हैं। एक गजट अधिसूचना के मुताबिक अब क्रिप्टोकरेंसी को खरीदना-बेचना, रखना और इससे जुड़ी सेवाओं पर एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग कानून लागू होगा। अब क्रिप्टो एक्सचेंजों को वित्तीय खुफिया इकाई भारत (एफआईयू-भारत) को संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देनी होगी। समझा जाता है कि यह कदम क्रिप्टो करेंसी के कारोबार को विनिमियत करने के लिए उठाया गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि क्रिप्टो करेंसी की खरीद- बिक्री से जुड़ी तमाम वित्तीय सेवाओं को अब मनी लॉन्ड्रिंग कानून-2002 के तहत लाया गया है। अब यह देखने की बात होगी कि इस कदम से क्रिप्टो कारोबार सचमुच कितना विनियमित होता है। क्रिप्टो कारोबार एक नई चीज है, जबकि मनी लॉन्ड्रिंग कानून उस समय की स्थितियों के मुताबिक बना था। इसलिए कुछ विशेषज्ञों ने सवाल उठाया है कि क्या यह कदम सचमुच इस नए कारोबार पर लगाम कस सकेगा। भारत ने अभी तक क्रिप्टोकरेंसी के लिए किसी खास कानून या नियमों को लागू नहीं किया गया है, जबकि भारती रिजर्व बैंक ने कई बार उनके इस्तेमाल के प्रति आगाह किया है।

बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने इसी साल जनवरी में कहा था कि क्रिप्टोकरेंसी जुए के बराबर है। उन्होंने कहा था कि इसका समर्थन करने वाले इसे संपत्ति या वित्तीय उत्पाद कहते हैं, लेकिन इसमें कोई अंतर्निहित मूल्य नहीं है। क्रिप्टोकरेंसी का मुकाबला करने के लिए आरबीआई ने हाल ही में पायलट मोड में अपना ई-रुपया या केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) लॉन्च किया। भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा है कि क्रिप्टोकरेंसी पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए क्योंकि वे पोंजी स्कीम के समान हैं। लेकिन सरकार ने यह सलाह नहीं मानी है। इसके बजाय उसने इस कारोबार को विनिमियत करने का महत्त्वाकांक्षी कदम उठाया है। नए कदम के तहत अब क्रिप्टोकरेंसी लेनदेन के मामलों में भारतीय अधिकारियों को देश की सीमाओं से बाहर भी इन संपत्तियों के ट्रांसफर की निगरानी में अधिक अधिकार हासिल हो जाएंगे। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने पिछले साल के बजट में वर्चुअल डिजिटल एसेट्स से होनी वाली आय पर तीस प्रतिशत टैक्स लगाने का फैसला किया था।

# विपक्ष को भाषा पर काम करने की जरूरत




विपक्षी पार्टियों के राजनीतिक विमर्श की भाषा पर काम करने की जरूरत है। इसके साथ ही अपने नारों पर भी नए सिरे से काम करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरोध में विपक्ष के कुछ नारे इतने खराब हैं कि उनकी वजह से ही भाजपा को बहुत फायदा हो जाता है। जैसे पिछले दिनों कांग्रेस के नेता पवन खेड़ा को दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर पुलिस ने विमान से उतार कर गिरफ्तार किया तो कांग्रेस के नेता वही धरने पर बैठ गए और उन्होंने नारा लगाया, 'मोदी तेरी कब्र खुदेगीइ। क्या राजनीति में इस तरह के नारों की जरूरत है? कांग्रेस नेताओं को इसका अंदाजा ही नहीं था कि मोदी इसका कैसे इस्तेमाल करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्वोत्तर के राज्यों में चुनाव प्रचार के दौरान इसका इस्तेमाल किया और कहा कि कांग्रेस के नेता नारा लगा रहे हैं कि 'मोदी तेरी कब्र खुदेगीइ और देश के लोग कह रहे हैं कि 'मोदी तेरा कमल खिलेगाइ। वे आज तक इस नारे का इस्तेमाल कर रहे हैं। कर्नाटक में रविवार को मांड्या और धारवाड़ में उन्होंने कहा कि मोदी एक्सप्रेस वे बनाने में बिजी है और कांग्रेस के नेता उसे मारने में लगे हैं। इसी तरह एक अन्य विपक्षी नेता ने कहा कि अगले चुनाव में भाजपा के दफन कर देंगे। क्या विपक्षी पार्टियों को जरा भी इसका अंदाजा नहीं होता है कि वे जब कब्र खुदने या दफन करने की बात करते हैं तो उस पर आम आदमी की क्या प्रतिक्रिया होती है? इससे भाजपा के नैरेटिव को मदद मिलती है। मोदी और उनकी प्रचार टीम को कांग्रेस व समूचे विपक्ष को मुस्लिमपरस्त साबित करने का मौका मिलता है। भले विपक्षी नेता राजनीतिक मौत या राजनीतिक रूप से दफन करने की बात करते हैं लेकिन मोदी उससे अपने लिए सहानुभूति हासिल कर लेते हैं।

# ग्लोबल वार्मिंग के परिणाम

अजय दीक्षित



ग्लोबल वार्मिंग संकट को लेकर मीडिया व पर्यावरण संरक्षण से जुड़े संगठन लगातार चेताते रहे हैं वह अब हकीकत बनता जा रहा है। विडम्बना यह है कि इस संकट की गम्भीरता के प्रति न तो नीति-नियंता गंभीर नजर आये और न ही जनता के स्तर पर जागरूकता दिखाई दे रही है। यह संकट कितना बड़ा है, वैश्विक संस्था क्रॉस डिपेन्डेन्सी इनिशिएटिव यानि एक्सडीआई की रिपोर्ट उजागर कर देती है। संस्था ने दुनिया के तमाम राज्यों, प्रांतों और क्षेत्रों में निर्मित पर्यावरण केन्द्रित भौतिक जलवायु के जोखिम का तार्किक विश्लेषण किया है। दरअसल, जलवायु परिवर्तन के चलते हमारी फसलों, आबोहवा तथा जल स्त्रोतों पर पड़ने वाले प्रभावों के आकलन के बाद पचास संवेदनशील क्षेत्रों का चयन किया गया है। चिंता की बात यह है कि अमेरिका व चीन के बाद भारत के तमाम राज्य इस संकट वाली सूची में शामिल हैं। उसमें पंजाब भी शामिल है। यूं तो इस सूची में बिहार, उत्तर प्रदेश, असम, राजस्थान, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात व केरल भी शामिल हैं, लेकिन पंजाब को लेकर हमारी चिंता बड़ी होनी चाहिये। इसकी एक वजह पंजाब का राष्ट्रीय खाद्यान्न पूल में बड़ा योगदान होना है। यदि ग्लोबल वार्मिंग संकट का राज्य में विकट प्रभाव नजर आता है तो देश की खाद्यान्न सुरक्षा के लिये भी चुनौती पैदा हो सकती है। वहीं दूसरी ओर पंजाब 'संवेदनशील सीमावर्ती राज्य है, जिसकी किसी तरह की समस्या जटिलता को जन्म दे सकती है। यद्यपि देश के अन्य राज्यों में जलवायु परिवर्तन के जोखिम को भी हल्के में लेने की जरूरत नहीं है। इस समस्या की गम्भीरता को देखते हुए राष्ट्रीय स्तर पर इस चुनौती के मुकाबले के लिये रणनीति बनाने की जरूरत महसूस की जा रही है। वह भी ऐसे वक्त में जब देश में आर्थिक विषमता लगातार बढ़ रही है, हमें जलवायु परिवर्तन से होने वाले संकट के प्रति सचेत होना पड़ेगा।

दरअसल, इस संकट की बड़ी मार समाज के कमजोर वर्गों व खेतिहर श्रमिक जैसे पेशों पर पड़ती है। दरअसल, इस गंभीर समस्या के प्रति जहां केंद्र व राज्यों को मिलकर मुहिम चलाने की जरूरत है, वहीं किसानों व आम लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि बढ़ते तापमान से हमारी फसलों की उत्पादकता घट जाती है। किसानों ने पिछले साल भी खेतों में लहलहाती फसलों को लेकर जो उम्मीदें जगायी थीं, वो अधिक तापमान होने से अनाज के उत्पादन व गुणवत्ता में आई गिरावट के चलते टूट गई। कमोबेश ऐसी ही स्थिति इस बार भी नजर आ रही है, जिसने किसानों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। ऐसे में हमारे कृषि वैज्ञानिकों को आगे आने की जरूरत है। साथ ही इस दिशा में अब तक प्रयोगशालाओं में जो शोध हुए है. उसे खेत-खलिहानों तक पहुंचाने की जरूरत है। यह तय है कि दुनिया में ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन करने वाले विकसित देश इस दिशा में कई दशकों से जिस तरह लापरवाह बने हुए हैं, उसमें जल्दी कोई बदलाव होता नजर नहीं आता। ऐसे में हमें हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने, जीवाश्म ऊर्जा से परहेज तथा प्रकृति अनुकूल नीतियों को प्रश्रय देना होगा। इतना तय है कि हमारी उपभोक्तावादी संस्कृति और प्रकृति के चक्र में मानवीय हस्तक्षेप ने समस्या को जटिल बनाया है। ऐसे में हमें वृक्ष लगाने तथा हरित इलाके के विस्तार को प्राथमिकता देनी होगी। मौसम में असामान्य बदलाव से हमारे परंपरागत जल स्त्रोतों पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा। आने वाली पीढियों का भविष्य सुरक्षित करने के लिये हमें जल स्त्रोतों के संरक्षण पर विशेष ध्यान देना होगा यह तय हैं कि जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है जल स्त्रोत सिमटने लगते हैं। ऐसा ही संकट देश के कई महानगरों में मंडरा रहा है। वहीं हाल के तापमान में अप्रत्याशित वृद्धि से गेहूं, दलहन और तिलहन पर असर पड़ने की आशंका है। इतना ही नहीं, हमारे मौसमी फल भी इसकी जद में आ सकते हैं।

# सीने में जलन होने पर अपनाएं ये 5 घरेलू नुस्खे



सीने में जलन होना हार्ट अटैक के मुख्य लक्षणों में से एक है, इसलिए इसे नजरअंदाज करना जान को जोखिम में डालना है। हालांकि, गैस से संबंधित विकार भी इसका कारण हो सकते हैं। अगर यह समस्या गैस के कारण है तो कुछ घरेलू नुस्खे इसे दूर करने में प्रभावी हो सकते हैं। इसके साथ ही जीवनशैली में बदलाव और सही खान-पान जरूरी है। आइए आज आपको सीने की जलन को दूर करने वाले घरेलू नुस्खे बताते हैं।

**बेकिंग सोडा का करें इस्तेमाल**

बेकिंग सोडा यानी सोडियम बाइकाबीनेट को एंटासिड के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। यह सीने की जलन को कम करने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए एक गिलास पानी में एक चम्मच बेकिंग सोडा पाउडर मिलाएं, फिर इसका सेवन करें। यदि आप एंटासिड, एस्पिरिन, विटामिन्स सप्लीमेंट्स या कोई अन्य दवा ले रहे हैं या आपको हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग या किडनी की बीमारी है तो इस उपाय को आजमाने से पहले डॉक्टरी परामर्श लें।

**मुलेठी करेगी मदद**

मुलेठी भी सीने की जलन को दूर करने में सहायक है। लाभ के लिए एक पैन में एक कप पानी गर्म करें और उसमें मुलेठी की सूखी जड़ के कुछ टुकड़े डालें। अब पानी को 5-10 मिनट तक उबालें, फिर इस मिश्रण को छानकर कप में डालें और इसका सेवन करें। हालांकि, इस मिश्रण का के लंबे समय तक सेवन न करें क्योंकि मुलेठी से हाई ब्लड प्रेशर, कमजोरी और खून के थक्के जैसे दुष्प्रभाव हो सकते हैं।

**कैमोमाइल चाय पीएं**

कैमोमाइल चाय सीने की जलन को शांत करने और पाचन तंत्र को ठीक करने में काम कर सकती है। लाभ के लिए एक कप उबलते गर्म पानी में एक कैमोमाइल टी बैग डालें, फिर चाय को गुनगुना होने पर पीएं। इस चाय को आप दिन में 2-3 बार पी सकते हैं। हालांकि, अगर आपको डेजी के पौधों से एलर्जी है तो कैमोमाइल की चाय का सेवन करने से बचें।

**लेमन बाम भी है प्रभावी**

लेमन बाम की पत्तियां भी गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल विकारों को दूर करने में मदद कर सकती हैं।

लाभ के लिए उबलते हुए गर्म पानी के गिलास में 5-6 लेमन बाम की पत्तियां डालें और इसे लगभग 5 मिनट के लिए ढककर रख दें। अब इस मिश्रण को छानकर कप में डालें और इसका गर्मागर्म सेवन करें। यदि आप मधुमेह या थायराइड की दवा ले रहे हैं तो इस उपाय को आजमाने से पहले अपने डॉक्टर से पूछें।

**एलोवेरा जूस करेगा मदद**

एलोवेरा जूस का सेवन कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से निजात दिलाता है। यह रक्त वाहिकाओं को मजबूत करने, अच्छे कोलेस्ट्रॉल को नियमित करने, ट्राइग्लिसराइड के स्तर को कम करने और ब्लड प्रेशर को कम करने में भी सहायता प्रदान करता है। इसके साथ ही यह सीने की जलन से भी छुटकारा दिला सकता है। लाभ के लिए किसी भी समय एलोवेरा के जूस का सेवन करें और दिन में एक-दो बार इसका सेवन करें।

# बड़ा खतरा पैदा कर सकता है गंदा योगा मैट, साफ करने के लिए अपनाएं ये ट्रिक

खुद को फिट एवं सेहतमंद बनाए रखने के लिए लोग योग का सहारा लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते है कि गंदा योगा मैट इस्तेमाल करने से आपको कई प्रकार के इंफेक्शन हो सकते हैं। जिनके कारण आप बीमार तक हो सकते हैं। ऐसे में स्वयं को सेहतमंद बनाए रखने के लिए केवल योग ही नहीं बल्कि योगा मैट की साफ-सफाई पर भी ध्यान दें। आइए जानते हैं कैसे घर पर रहकर ही आप अपने योगा मैट को साफ कर सकते हैं।

**योगा मैट साफ करने के लिए फॉलो करें ये ट्रिक:-**

**गुनगुने पानी का करें उपयोग:-**

योगा मैट धोते वक्त सबसे पहले इस बात का ध्यान रखें कि आपको गर्म पानी का उपयोग नहीं करना है। गर्म पानी से मैट धोने से वो खराब हो सकता है। गर्म पानी की जगह योगा मैट को साफ करने के लिए आप गुनगुने पानी का उपयोग करें। इसके लिए सबसे पहले एक टब में गुनगुने पानी के साथ डिशसोप या फिर कोई माइल्ड डिटर्जेंट डालें। तत्पश्चात, योगा मैट को इस पानी में लगभग 5-10 मिनट तक भिगोकर रखें। ऐसा करने से मैट पर जमा गंदगी निकल जाएगी।

**स्पॉन्ज से करें साफ:-**

भीगे हुए मैट से गंदगी साफ करने के लिए उसे कोने-कोने से स्पॉन्ज से रगड़ें। ऐसा करने से योगा मैट चमकने लगेगा।

**साफ पानी में धोएं:-**

योगा मैट रगड़ने के पश्चात् उसे साफ पानी में तब तक धोएं जब तक कि मैट पर से सारी गंदगी एवं साबुन न हट जाए।

## अमेरिकी पोर्टलैंड अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के समीप होटल में चली ताबड़तोड़ गोलियां, दो की मौत

**सैन फ्रांसिस्को ,(एजेंसी)।** अमेरिका के ओरेगन राज्य के पोर्टलैंड अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के समीप एक होटल में हुई गोलीबारी की घटना में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, गोलीबारी की यह घटना पोर्टलैंड अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास एम्बेसी सुइट्स होटल में आज तड़के लगभग दो बजे हुई। पोर्ट ऑफ पोर्टलैंड पुलिस ने कहा कि इस घटना में एक पुरुष और एक महिला के मारे जाने की पुष्टि हुई है लेकिन उनकी पहचान नहीं हुई है। पुलिस ने एक बयान में कहा कि फिलहाल पोर्टलैंड अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे या इसके आसपास के इलाके में कोई खतरा नहीं है। संदिग्ध के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। होटल में ठहरे मेहमानों ने कहा कि कम से कम एक दर्जन गोलियां चलीं और उन्होंने पुलिस ने जब शव ले जा रही थी तब फर्श पर खून भी देखा गया।

## अमेरिका ने काला सागर के उड़ान–प्रतिबंधित क्षेत्र की उपेक्षा की : लावरोव

**मास्को ,(एजेंसी)।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि अमेरिका ने काला सागर के तटीय क्षेत्रों के उड़ान प्रतिबंधित होने उपेक्षा की है इसलिए उसे ड्रोन घटना उकसावे की तरह लग रही है। लावरोव ने रोसिया 24 ब्रॉडकास्टर से कहा, अमेरिका इस तथ्य को पूरी तरह से अनदेखा कर रहा है कि एक विशेष सैन्य अभियान की शुरुआत के बाद हमारी सेना ने काला सागर के संबंधित क्षेत्रों के कुछ स्थानों को किसी भी विमान के उपयोग के लिए प्रतिबंधित घोषित किया उन्होंने कहा कि यह घटना निश्चित रूप से यह बताती है कि अमेरिकी पक्ष लगातार टकराव बढ़ाने के लिए उसे किसी तरह के उकसा रहा है। उन्होंने कहा कि यह गलत है क्योंकि उन्होंने लगातार घोषणा की है कि वे एक जिम्मेदार शक्ति हैं, जो रणनीतिक स्थिरता में रुचि रखते हैं। लेकिन शब्द कर्म के विपरीत हैं।

## कनाडा ने की यूक्रेन को अतिरिक्त सैन्य सहायता देने की घोषणा

**ओटावा ,(एजेंसी)।** कनाडा की रक्षा मंत्री अनीता आनंद ने यूक्रेन को अतिरिक्त सैन्य सहायता देने की घोषणा की है। आनंद ने रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा कि कनाडा यूक्रेन में वर्तमान में तैनात वायु रक्षा प्रणालियों को बनाए रखने के लिए 155 मिमी गोला–बारूद के लगभग 8,000 राउंड, साथ ही कनाडाई सशस्त्र बल (सीएएफ) इन्वेंट्री से प्राप्त 12 वायु रक्षा मिसाइलों का दान करेगा। उन्होंने कहा कि डेनमार्क, जर्मनी और नीदरलैंड द्वारा घोषित लेपर्ड 1 टैंकों को प्रदान करने का समर्थन करने के लिए कनाडा 105 मिमी टैंक प्रशिक्षण गोला–बारूद के 1,800 से अधिक राउंड भी देगा।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने यह भी पुष्टि की कि सीएएफ ने फरवरी के अंत में अतिरिक्त लेपर्ड 2 टैंकों को यूक्रेन भेजना शुरू कर दिया।

कनाडा ने यूक्रेन को आठ लेपर्ड 2 युद्धक टैंक सौंपे हैं। बयान में कहा गया है कि सभी आठ टैंक, और पहले से घोषित बख्तरबंद रिकवरी वाहन व सहायक उपकरणों से युक्त हैं।

पिछले साल फरवरी में कनाडा ने यूक्रेन को अन्य सैन्य सहायता की प्रतिबद्धता जाहिर की थी। इसमें 200 से अधिक बख्तरबंद वाहन, संबद्ध युद्ध सामग्री के साथ सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, 39 बख्तरबंद लड़ाकू वाहन और टैंक रोधी हथियार शामिल हैं।

सीएएफ कर्मियों को वर्तमान में यूक्रेन के सशस्त्र बलों के समर्थन में कनाडा के सैन्य प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण मिशन ऑपरेशन यूनीफायर के तहत यूक्रेनी सशस्त्र बलों के प्रशिक्षण के लिए यूके और पोलैंड दोनों में तैनात किया गया है।

## महबूबा मुफ्ती के शिवलिंग पर जलाभिषेक से आगबबूला हुए उलमा, बोले–ये इस्लाम के खिलाफ



**सहारनपुर, एजेंसी।** जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री व पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती के पुंछ के नवग्रह मंदिर पहुंच कर शिवलिंग पर जल चढ़ाने को उलमा ने सरासर गलत बताया है। साथ ही उन्होंने इस पर नाराजगी जताते हुए किसी दूसरे धर्म की परंपराओं पर अमल करने को इस्लाम के खिलाफ करार दिया।

मदरसा जामिया शेखुल हिंद के मोहतमिम मौलाना मुफ्ती असद कासमी ने कहा कि मुसलमान को अपने मजहब के ऊपर ही अमल करना चाहिए। दूसरे के मजहब की परंपराओं को अपनाने की शरीयत में कोई इजाजत नहीं है। मुसलमान हैं तो मुसलमानों वाले काम करें। गैर मुस्लिमों वाला कोई काम न करें।

मुफ्ती असद ने कहा कि यह कोई फतवा नहीं है। बल्कि यह मेरी जाति राय है। इस्लाम इसके बारे में क्या कहता है। मैनें सिर्फ वो ही बताया है। इसलिए मुसलमान को चाहिए कि वह वो काम करे जिसका हुक्म इस्लाम में दिया गया है। उसके अलावा किसी गैर मजहब के तरीकों को इख्तियार करता है तो वह मुनासिब नहीं है। उन्होंने कहा कि मुल्क आजाद है सबको अपने अच्छे और बुरे के बारे में मालूम है। कोई क्या करता है उसके ऊपर हमारा कोई हक नहीं है।

जमीयत दावतुल मुसलीमीन के संरक्षक व प्रसिद्ध आलिम मौलाना कारी इस्हाक गोरा का कहना है कि इस्लाम में सिर्फ नाम रख लेना काफी नहीं होता। उसके लिए इस्लाम के कायदे कानूनों को भी मानना पड़ता है। सच्चा और पक्का मुसलमान अच्छे से जानता है कि उसके किस कार्य को करने से वो इस्लाम खारिज हो जाता है। इसी तरह महबूबा मुफ्ती ने मंदिर में जाकर पूर्जा अर्चना की है। अगर वह खुद को पक्की सच्ची मुसलमान समझती हैं तो उनको मालूम होना चाहिए कि वह इस्लाम में रही हैं या नहीं।

# 70 हजार करोड़ के खर्च से खरीदी जाएंगी हॉवित्जर तोपें और ब्राह्मोस मिसाइलें, रक्षा अधिग्रहण परिषद ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हॉवित्जर, ब्राह्मोस मिसाइलें, यूएच मेरीटाइम हेलीकाप्टर आदि खरीदने के लिए रक्षा मंत्रालय ने 70.51 हजार करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी दी है। रक्षा क्षेत्र में 'मेक इन इंडिया' के तहत यह बहुत बड़ा कदम है। भारतीय रक्षा बलों के लिए इससे विभिन्न शस्त्र प्रणालियां खरीदी जाएंगी।

अधिकारियों ने बताया कि 70,584 करोड़ रुपये की रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने दी। सभी खरीद (भारतीय–स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित) श्रेणी के तहत की जाएगी। चीन के साथ पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर लगभग तीन साल के लंबे गतिरोध के बीच नए खरीद प्रस्तावों को हरी झंडी दी गई।

डीएसी की प्रस्तावित इस भारी धनराशि से 60 भारत निर्मित यूटिलिटी हेलीकाप्टर (मेरीटाइम) और भारतीय नौसेना के लिए ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलें, भारतीय सेना के



लिए 307 एडवांस टोड आर्टीलरी गन सिस्टम (एटीएजीएस) हॉवित्जर और भारतीय तटरक्षकों के लिए 9 एएलएच ध्रुव हेलीकाप्टर खरीदे जाएंगे।

डीएसी ने भारतीय वायुसेना के प्रस्तावों के लिए लंबी दूरी के गतिरोधक हथियार (एलआरएसओडब्ल्यू) खासकर के एसयू–30 एमकेआइ विमानों के लिए तैयार करने को स्वीकृति दी है। 32 हजार करोड़ रुपये के 60 यूटिलिटी हेलीकाप्टर (मेरीटाइम) युद्धपोतों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार किए जाएंगे। भारतीय नौसेना को 56 हजार करोड़ रुपये में बड़े पैमाने पर हथियार मिलेंगे जिसमें घातक ब्राह्मोस मिसाइलें, शक्ति इलेक्ट्रानिक वारफेयर (ईडब्ल्यू) प्रणालियां और यूटिलिटी हेलीकाप्टर शामिल हैं।

हॉवित्जर को चीन और पाकिस्तान से लगी सीमा पर तैनात किया जाएगा। वित्त वर्ष 2022–23 में पूंजी अधिग्रहण के लिए दी गई कुल मंजूरी अब 2,71,538 करोड़ रुपये है, जिसमें से 98.9 प्रतिशत भारतीय उद्योगों से प्राप्त किया जाएगा। राजनाथ सिंह के कार्यालय ने ट्वीट किया, "इतनी मात्रा में स्वदेशी खरीद न केवल भारतीय उद्योगों को 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में प्रेरित करेगी, बल्कि विदेशी विक्रेताओं पर भारत की निर्भरता को भी काफी हद तक कम करेगी।"

## राहुल गांधी ने देश को पहुंचाया है नुकसान, नहीं करेंगे माफ : किरेन रिजिजू

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने लंदन में राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि देश के लोगों ने अगर कांग्रेस को और राहुल गांधी को नकार दिया है तो यह उनकी गलती नहीं है। लेकिन कोई अगर देश को गाली देगा तो ये देश उसको कभी माफ नहीं करेगा।

गुरुवार को नई दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह देश के लिए बहुत दुखद है कि संसद का एक सदस्य खुद संसद की गरिमा को गिराने का काम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को देश का अपमान करने का कोई अधिकार नहीं है, उन्होंने देश को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की है और वे (भाजपा) चुप नहीं रहेंगे और न ही उन्हें माफ करेंगे। कांग्रेस की भी आलोचना करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी को यह लगता है कि हमारे देश का अपमान करना कोई गंभीर बात नहीं है तो वह संसद में लोगों के एक वर्ग का प्रतिनिधित्व करने के लायक भी नहीं है।

## नाटो की दावेदारी के लिए तुर्की जाएंगे फिनलैंड के राष्ट्रपति

हेलसिंकी ,(एजेंसी),। फिनिश राष्ट्रपति साउली निनिस्तो ने कहा है कि तुर्की की अपनी आगामी यात्रा के दौरान वह फिनलैंड की नाटो सदस्यता के समर्थन पर तुर्की की प्रतिक्रिया का स्वागत करेंगे। नीनिस्तो ने कहा कि इस मामले में तुर्की के राष्ट्रपति प्रशासन के साथ उनका संपर्क पिछले वसंत के बाद से लगातार रहा है और हाल के दिनों में इसमें तेजी आई है।

यह कहते हुए कि फिनलैंड के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि उनके देश और स्वीडन दोनों के लिए नाटो की सदस्यता जल्द से जल्द हो, फिनिश राष्ट्रपति ने कहा कि वह स्वीडिश प्रधान मंत्री के साथ संपर्क में रहे हैं।

इस गुरुवार और शुक्रवार को निनिस्तो की तुर्की यात्रा की घोषणा फिनलैंड के राष्ट्रपति कार्यालय ने की।

## गर्मी से बची, तो आंधी–बारिश की चपेट में आ सकती है गेहूं की फसल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गेहूं किसानों के लिए अगला दो सप्ताह महत्वपूर्ण साबित हो सकता है, क्योंकि इसी दौरान अगेती फसल तैयार होने वाली है और पिछैती फसलों की बालियां पुष्ट होने वाली हैं। ऐसे में तापमान बढ़ने या आंधी–बारिश की स्थिति का सीधा असर गेहूं की पैदावार पर पड़ सकता है।

अगले तीन–चार दिनों तक गेहूं के प्रमुख उत्पादक समेत कई राज्यों में आंधी–पानी की मौसम विभाग की चेतावनी ने किसानों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। तीन दिन पहले तक चढ़ते तापमान को गेहूं के लिए खतरा बताया जा रहा था। अब आंधी–पानी से नुकसान होने की आशंका है। स्पष्ट है कि किसानों के सामने दो–तरफा चुनौती है। हालांकि, कृषि मंत्रालय ने उच्च तापमान का गेहूं की फसल पर किसी तरह के असर से इनकार किया है और आंधी–बारिश से क्षति का अभी कोई आकलन नहीं किया गया है।



कृषि विज्ञानी डा. अजय कुमार इस मौसम में गर्मी से ज्यादा आंधी–बारिश से गेहूं की फसल का ज्यादा नुकसान बताते हैं। वह कहते हैं कि पंजाब–हरियाणा, मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में गेहूं की फसल तैयार होने की स्थिति में है, उन्हें ज्यादा खतरा है।उन्होंने कहा कि कटनी के लायक फसलों को खेत से लेकर खलिहान तक क्षति हो सकती है। आंधी–बारिश से खेतों में खड़ी फसल गिर सकती है। दाने काले पड़ सकते हैं और अत्यधिक बारिश हुई, तो उनमें अंकुरण भी आ सकता है। डा. अजय ने वैसे किसानों को बारिश से पहले तैयार फसलों को काट लेने का सुझाव दिया है।

कृषि मंत्रालय को 2022–23 फसल वर्ष में रिकार्ड 11 करोड़ 21.8 लाख टन गेहूं उत्पादन का अनुमान है। गेहूं उत्पादन को लेकर विभिन्न राज्यों के कृषि विश्वविद्यालयों एवं कृषि विज्ञान केंद्रों द्वारा कराए गए सर्वेक्षण में भी रिकॉर्ड उत्पादन की बात कही गई है। मध्य प्रदेश, बिहार, राजस्थान एवं गुजरात समेत कई राज्यों में गेहूं का रकबा भी बढ़ा है। यहां फसल भी अच्छी है।

वर्ष 2021–22 में देश में गेहूं उत्पादन का अनुमान 10 करोड़ 95.9 लाख टन था, किंतु होली के बाद प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में अचानक गर्मी बढ़ जाने के चलते 10 करोड़ 77.4 लाख टन ही उत्पादन हो सका था। हालांकि, यह मामूली कमी थी, लेकिन इसके बाद खाद्य निगम की खरीदारी भी सुस्त हो गई, जिसके चलते केंद्र सरकार ने गेहूं के निर्यात पर रोक लगा दी। इस बार रिकॉर्ड उत्पादन के चलते निर्यात पर से प्रतिबंध हट सकता है।

## ब्रिटेन को 2023 में मंदी से बचने की उम्मीद : चांसलर

लंदन ,(एजेंसी),। ब्रिटेन इस साल तकनीकी मंदी से बच जाएगा और 2023 के अंत तक मुद्रास्फीति गिरकर 2.9 फीसदी पर आ जाएगी। यह बात चांसलर ऑफ द एक्सचेकर जेरेमी हंट ने कही। हंट ने अपने वसंत बजट 2023 के भाषण के दौरान कहा, बजट उत्तरदायित्व (ओबीआर) के लिए वित्तीय प्रहरी कार्यालय ने अनुमान लगाया है कि बदलते अंतर्राष्ट्रीय कारकों और मेरे द्वारा किए गए उपायों के कारण, यूके अब इस साल तकनीकी मंदी में प्रवेश नहीं करेगा।चांसलर ने संघर्षरत अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए योजनाओं की एक श्रृंखला का खुलासा किया, जिसमें चाइल्डकेयर सुधार, व्यवसायों के लिए कर में कटौती और घरों के लिए जीवन यापन के बोझ को कम करने के उपाय शामिल हैं।

हंट ने कहा कि वैश्विक अस्थिरता जारी रहने के बावजूद, ओबीआर ने बताया था कि यूके में मुद्रास्फीति 2022 की अंतिम तिमाही में 10.7 प्रतिशत से गिरकर इस साल के अंत तक 2.9 प्रतिशत हो जाएगी।

## तीन महीने में होगा पैदल यात्रियों का सर्वेक्षण, ट्रैफिक के बीच उनकी सुरक्षा पर ध्यान देने के निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सड़कों पर पैदल चलने वालों की सुरक्षा का सवाल लगातार गंभीर होने और इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट की कमेटी की सख्ती के बाद केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने सभी क्षेत्रीय अधिकारियों और सड़क सुरक्षा अधिकारियों को राष्ट्रीय राजमार्ग के प्रोजेक्टों में तीन माह के भीतर पैदल चलने वालों की संख्या और उनकी सुरक्षा के उपायों के सर्वेक्षण का निर्देश दिया है।



मंत्रालय ने अपने सर्कुलर में कहा है कि रोड प्रोजेक्ट के सभी चरणों (डिजाइन, निर्माण और संचालन) में पैदल यात्रियों के चलने की सुविधा तथा सुरक्षा के लिहाज से उनका सही तरह रखरखाव सबसे अधिक जरूरी है।

सड़क परिवहन मंत्रालय ने भले ही अपने क्षेत्राधिकार वाले एनएच नेटवर्क में पैदल यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को लेकर चिंता दिखाई है, लेकिन अन्य सड़कों, खासकर स्टेट हाईवे तथा शहरों की सड़कों में पैदल चलने वालों की सुरक्षा पर जोखिम बना हुआ है, क्योंकि ज्यादातर राज्य सरकारें न तो सड़कों से अतिक्रमण हटवा पा रही हैं और न ही फुटपाथ खाली करा पा रही हैं।

यहां तक कि बड़े शहरों में फुटपाथ पैदल यात्रियों के इस्तेमाल के लिए नहीं बचे हैं और इसके कारण हर दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। देश में सड़क नेटवर्क के मामले में राष्ट्रीय राजमार्गों का हिस्सा केवल 2.29 प्रतिशत है। इस लिहाज से पैदल यात्रियों की सुरक्षा के लिए सड़क परिवहन मंत्रालय को राज्यों को परामर्श जारी करने के अलावा कुछ और सोचना होगा।

मंत्रालय ने नेशनल हाईवे पर पैदल यात्रियों की सुविधा के लिए जो जरूरतें गिनाई हैं, उनमें दोनों तरफ साइडवाक, गार्ड रेल, पैदल चलने वालों के लिए क्रासिंग, स्ट्रीट लाइट, पेडेस्ट्रियन अंडर पास, फुट ओवर ब्रिज शामिल हैं। क्षेत्रीय और सुरक्षा अधिकारियों से कहा गया है कि पैदल चलने वालों का सर्वेक्षण स्वतंत्र सलाहकारों या तीसरे पक्ष से होना चाहिए, जिसके लिए ऑटोमेटेड या मैनुअल तरीके अपनाए जा सकते हैं।

## राज्यपाल पार्टी में विधायकों की राय में अंतर के आधार पर फ्लोर टेस्ट नहीं बुला सकते : सुको

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** सवोच्च न्यायालय ने कहा कि राज्यपाल किसी विशेष परिणाम को प्रभावित करने के लिए अपना पद उधार नहीं दे सकते। शीर्ष अदालत ने सवाल किया कि क्या किसी पार्टी के भीतर विधायकों के बीच मतभेद राज्यपाल को फ्लोर टेस्ट बुलाने के लिए पर्याप्त आधार हो सकता है? बी.एस. कोश्यारी, जो उस समय महाराष्ट्र के राज्यपाल थे, ने तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को बहुमत साबित करने के लिए फ्लोर टेस्ट का सामना करने के लिए कहा था। ठाकरे ने आसन्न हार को भांपते हुए इस्तीफा दे दिया था और इसके परिणामस्वरूप एकनाथ शिंदे को नए मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्त किया गया।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने महाराष्ट्र के राज्यपाल का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पूछा कि एक पार्टी के भीतर विधायकों के बीच मतभेद कैसे राज्यपाल के लिए फ्लोर टेस्ट के लिए बुलाने के लिए पर्याप्त आधार बन सकता है?मेहता द्वारा घटनाओं के क्रम को सुनाए जाने के बाद शीर्ष अदालत ने ये टिप्पणियां कीं और कहा कि राज्यपाल के समक्ष कई सामग्रियां थीं, जिसने उन्हें विश्वास मत का आदेश देने के लिए प्रेरित किया।

पीठ ने आगे कहा कि राज्यपाल किसी विशेष परिणाम को प्रभावित करने के लिए अपने कार्यालय को उधार नहीं दे सकते और इस बात पर जोर दिया कि विश्वास मत के लिए बुलाने से निर्वाचित सरकार को गिरा दिया जाएगा।

मेहता ने कहा कि सामग्री में शामिल हैं : शिवसेना के 34 विधायकों द्वारा हस्ताक्षरित एक पत्र, उद्धव ठाकरे सरकार से समर्थन वापस लेने वाले निर्दलीय सांसदों का एक पत्र, और विपक्ष के नेता का एक अन्य पत्र।पीठ में शामिल जस्टिस एम.आर. शाह, कृष्ण मुरारी, हेमा कोहली और पी.एस. नरसिम्हा ने कहा कि विपक्ष के नेता के पत्र का कोई महत्व नहीं है और साथ ही विधायकों की सुरक्षा को खतरे का हवाला देने वाला पत्र भी इस मामले में प्रासंगिक नहीं है।पीठ ने मेहता से सवाल किया कि क्या पार्टी के कार्यकर्ताओं और विधायकों के बीच व्यापक असंतोष विश्वास मत के लिए पर्याप्त आधार हो सकता है?

पीठ ने मौखिक रूप से कहा : लोग सत्ताधारी दल को धोखा देना शुरू कर देंगे और राज्यपालों के इच्छुक सहयोगी सत्ताधारी दल को गिरा देंगे। यह लोकतंत्र के लिए एक दुखद तमाशा होगा।

# निजी सेक्टर के कर्मचारियों की न्यूनतम पेंशन बढ़ोतरी में कई रोड़े, सरकार सालाना देती है 9,000 करोड़ की सब्सिडी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कई राज्य सरकारें अपने कर्मचारियों के लिए फिर से ओल्ड पेंशन स्कीम (डढर) लागू करने की घोषणा कर रही हैं, लेकिन संगठित निजी सेक्टर के कर्मचारियों की न्यूनतम पेंशन में बढ़ोतरी के आसार नहीं दिख रहे हैं।

वित्त मंत्रालय सूत्रों के मुताबिक, न्यूनतम पेंशन में बढ़ोतरी से सरकारी खजाने पर दबाव बढ़ जाएगा। फिलहाल न्यूनतम पेंशन को देने में ही सरकार को सालाना लगभग 9,000 करोड़ की सब्सिडी देनी पड़ती है। न्यूनतम पेंशन को बढ़ाने




पर इस सब्सिडी में और बढ़ोतरी करनी पड़ेगी।

सूत्रों के मुताबिक, फिलहाल सरकार इस मद में और वित्तीय दबाव लेने की स्थिति में नहीं है। ऐसे में ओपीएस को लेकर राज्य सरकारें कितनी जिम्मेदारी उठा पाएगी यह कहना मुश्किल है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (एढाड) से जुड़े निजी सेक्टर के कर्मचारियों की न्यूनतम पेंशन प्रतिमाह 1000 रुपए है।

इंप्लाय पेंशन स्कीम 1995 के तहत न्यूनतम पेंशन 1000 रुपए करने का फैसला किया गया था जिसे वर्ष 2014 के सितंबर माह से लागू किया गया। इस पेंशन स्कीम को लागू करने के लिए सरकार को हर साल बजट में प्रविधान करना पड़ता है तब जाकर ईपीएफओ के रिटायरमेंट स्कीम से जुड़ने वाले कर्मचारियों को 1000 रुपए की न्यूनतम पेंशन सुनिश्चित हो पाती है। चालू वित्त वर्ष 2022–23 और आगामी वित्त वर्ष 2023–24 के बजट में इस मद में 9167 करोड़ रुपए का प्रविधान किया गया।

वित्त मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, इस सब्सिडी के बोझ को बढ़ाना आसान नहीं होगा। इसलिए न्यूनतम पेंशन की बढ़ोतरी पर फैसला नहीं हो पा रहा है। न्यूनतम पेंशन को बढ़ाने के लिए विभिन्न संगठनों की तरफ से लगातार मांग भी उठती रही है और श्रम मंत्रालय ने इस पर विचार करने के लिए वर्ष 2018 में एक कमेटी का गठन किया था।

कमेटी ने वर्ष 2018 के दिसंबर में ही अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी थी। रिपोर्ट में न्यूनतम पेंशन को कम से कम 2000 रुपए प्रतिमाह करने की सिफारिश की गई थी।

सूत्रों के मुताबिक, न्यूनतम पेंशन में बढ़ोतरी होने पर पेंशन फंड में उपलब्ध राशि और देय राशि में बड़ा अंतर हो जाएगा। उस अंतर को पूरा करने के उपाय होते ही न्यूनतम पेंशन में बढ़ोतरी की जा सकती है। न्यूनतम पेंशन में बढ़ोतरी को लेकर महाराष्ट्र में इन दिनों काफी प्रदर्शन हो रहे हैं। ये कर्मचारी प्रतिमाह कम से कम 7500 रुपए पेंशन की मांग कर रहे हैं।

## रूसी हैकर्स ने भारतीय स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट को बनाया निशाना, एचएमआईएस में की छेड़छाड़

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** क्लाउडएसईके के साइबर–सुरक्षा शोधकर्ताओं ने दावा किया है कि एक रूसी हैकर ग्रुप ने भारतीय स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट को निशाना बनाया और इसके स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली (एचएमआईएस) में छेड़छाड़ की। एआई–संचालित साइबर सुरक्षा कंपनी का दावा है कि रूस समर्थक हैकर ग्रुप फीनिक्स ने कथित तौर पर एचएमआईएस पोर्टल से छेड़छाड़ की और देश के सभी अस्पतालों के कर्मचारियों और मुख्य चिकित्सकों के डेटा तक पहुंच बनाई।

क्लाउडएसईके के प्रासंगिक एआई डिजिटल रिस्क प्लेटफॉर्म एक्सविगिल के अनुसार, इस लक्ष्य के पीछे का मकसद रूसी संघ के खिलाफ लगाए गए प्रतिबंध थे जहां भारतीय अधिकारियों ने प्रतिबंधों का उल्लंघन नहीं करने का फैसला किया और रूसी तेल के लिए अनुमोदित मूल्य सीमा का अनुपालन करने का फैसला किया।

इस फैसले के परिणामस्वरूप रूसी हैकटीविस्ट फीनिक्स के टेलीग्राम चैनल पर कई पोल हुए, जिसमें फॉलोअर्स से उनके वोट मांगे गए।

सुरक्षा शोधकर्ताओं के अनुसार, रूसी खतरे वाले ठग साइबर अपराध मंचों पर एक्सफिल्टर्ड लाइसेंस दस्तावेज और व्यक्तिगत पहचान योग्य जानकारी (पीआईआई) बेच सकते हैं और पीआईआई और लाइसेंस दस्तावेजों का उपयोग कर दस्तावेज धोखाधड़ी कर सकते हैं।

जनवरी 2022 से सक्रिय, रूसी हैकटीविस्ट समूह फीनिक्स को फिशिंग घोटाले में पीड़ितों को लुभाने के लिए सोशल इंजीनियरिंग तकनीकों का उपयोग करते हुए देखा गया था और उसके बाद पासवर्ड चुराकर अपने पीड़ितों के बैंक या ई–पेमेंट खातों तक पहुंच प्राप्त की।

## केंद्र ने भारी पुलिस बल लगाकर विपक्ष को ईडी जाने से रोका : संजय सिंह

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी से सांसद संजय सिंह ने राज्यसभा में 267 का नोटिस दिया है। उन्होंने अडानी समूह पर चर्चा की मांग की, साथ ही विपक्षी सांसदों को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को ज्ञापन देने से रोके जाने का भी मुद्दा उठाया। संजय सिंह ने कहा कि अडानी घोटाले पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच की मांग करते हुए आम आदमी पार्टी सहित करीब 16 दलों के विपक्षी सांसद ज्ञापन सौंपने प्रवर्तन निदेशालय जा रहे थे।

# आरसीबी ने डब्ल्यूपीएल में पहली बार चखा जीत का स्वाद

मुंबई । युवा प्रतिभा कनिका आहूजा (46) की संकटमोचक पारी और ऋचा घोष (31 नाबाद) के साथ उनकी अर्द्धशतकीय साझेदारी की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में यूपी वॉरियर्स को पांच विकेट से हराकर टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज की।

पहले बल्लेबाजी करते हुए वॉरियर्स की पूरी टीम 135 रन पर सिमट गयी। आरसीबी ने 136 रन का लक्ष्य 18 ओवर में हासिल कर लिया।

आरसीबी के गेंदबाजों ने करो या मरो मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देते हुए पहली बार किसी टीम को ऑलआउट किया। एलिसे पेरी ने गेंदबाजों की अगुवाई करते हुए चार ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट लिये। आशा शोभना और सोफी डिवाइन ने दो–दो विकेट लिये, जबकि मेगन शूट और श्रेयंका पाटिल को एक–एक सफलता हासिल हुई।

अपनी पहली जीत तलाश रहे आरसीबी ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 60 रन पर चार विकेट गंवा दिये, हालांकि कनिका अपनी टीम को संकट से निकालने के लिये क्रीज पर आईं। कनिका ने 30 गेंद पर आठ चौके और एक छक्का लगाकर 46 रन बनाये और ऋचा (32 गेंद, 31 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिये 60 रन की साझेदारी की। कनिका जीत के करीब आकर आउट हो गयीं, लेकिन श्रेयंका पाटिल ने विजयी रन बनाकर अंक तालिका पर आरसीबी का खाता खोल दिया।

आरसीबी छह मैच में दो अंक के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है, जबकि वॉरियर्स अब भी चार अंक के साथ तालिका में तीसरे पायदान पर बरकरार है।

आरसीबी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी और सोफी डिवाइन ने पहले ही ओवर में वॉरियर्स के दोनों सलामी बल्लेबाजों को पवेलियन लौटा दिया। कप्तान एलीसा हीली एक रन बना सकीं जबकि देविका वैद्या शून्य रन पर आउट हुईं।

अगले ओवर में मेघन शूट ने ताहलिया मैकग्रा को आउट करके वॉरियर्स का स्कोर 5/3 कर दिया। किरण नवगिरे (26 गेंद, 22 रन) ने अपनी धैर्यवान पारी में कुछ अच्छे शॉट खेले। आशा शोभना ने पावरप्ले के बाद नवगिरे और सिमरन शेख का विकेट लेकर वॉरियर्स की आधी टीम को पवेलियन लौटा दिया।

आरसीबी 10 ओवर की समाप्ति तक मज़बूत स्थिति में था लेकिन उसने फील्ड में गलतियां करके वॉरियर्स को वापस आने का मौका दिया। ऋचा घोष ने 11वें ओवर में आशा की गेंद पर ग्रेस हैरिस को स्टंप आउट करने का मौका गंवा दिया,



जबकि हीथर नाइट आशा की ही गेंद पर दीप्ति शर्मा का कैच नहीं लपक सकीं।

आरसीबी को इन गलतियों का अंजाम भुगतना पड़ा और हैरिस–दीप्ति की जोड़ी ने छठे विकेट के लिये 42 गेंद पर 69 रन की साझेदारी कर डाली। हैरिस ने इस साझेदारी में महत्ती भूमिका निभाते हुए 32 गेंद पर पांच चौकों और दो छक्कों के साथ 46 रन बनाये। दीप्ति ने 19 गेंद पर चार चौके लगाकर 22 रन का योगदान दिया।

पेरी ने एक बार फिर आरसीबी को हैरिस–दीप्ति के संकट से बचाते हुए दोनों बल्लेबाजों को 16वें ओवर में आउट कर दिया। इस जोड़ी का विकेट गिरने के बाद वॉरियर्स ऑलआउट होने से पहले 34 रन ही जोड़ सका।

अपेक्षाकृत छोटे स्कोर का पीछा करते हुए आरसीबी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसके दोनों सलामी बल्लेबाज छोटे स्कोर पर आउट हो गये। सोफी डिवाइन छह गेंद पर दो चौके और एक छक्का जडक़र 14 रन बना सकीं, जबकि स्मृति मंधाना खाता खोले बिना ही आउट हो गयीं।

हीथर नाइट ने तीसरे ओवर में दो चौके जडक़र आरसीबी को जीत की ओर बढ़ाया। उन्होंने एलिसे पेरी के साथ तीसरे विकेट के लिये 29 रन जोड़े मगर पेरी (13 गेंद, 10 रन) जल्द ही देविका वैद्या की गेंद पर सोफी एकलेस्टन को कैच थमा बैठीं। पिच पर पांव जमा चुकीं नाइट भी 21 गेंद पर पांच चौकों के साथ 24 रन बनाकर पवेलियन लौट गयीं।

आरसीबी को 66 गेंद पर 76 रन की दरकार थी लेकिन उसके सभी अनुभवी बल्लेबाज पवेलियन लौट चुके थे। कनिका ने 10वें ओवर की आखिरी गेंद पर चौका लगाकर पारी संभालने की जिम्मेदारी अपने हाथों में ले ली। उन्होंने अगले ओवर में हैरिस को दो चौके लगाये, जबकि 12वें ओवर में राजेश्वरी गायकवाड़ को तीन चौके जडक़र आरसीबी को पुनः मजबूत स्थिति में डाल दिया।कनिका ने ऋचा के साथ 46 गेंद पर 60 रन की धैर्यवान साझेदारी करके टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचा दिया, हालांकि वह खुद अपने अर्द्धशतक से चार रन दूर रह गयीं। सोफी एकलेस्टन ने 16वें ओवर में कनिका को बोल्ड करके पवेलियन भेज दिया।

अब तक संयम के साथ बल्लेबाजी कर रही ऋचा ने कनिका का विकेट गिरते ही हाथ खोले और 17वें ओवर में एक छक्के और एक चौके के साथ दीप्ति का स्वागत किया। श्रेयंका पाटिल ने इस ओवर की आखिरी गेंद पर फाइन लेग की ओर गेंद को टहलाकर एक रन लिया और आरसीबी को उसकी पहली जीत दिलाई।

आरसीबी को अब टूर्नामेंट में बरकरार रहने के लिये शनिवा को गुजरात जायंट्स का सामना करना है, जबकि वॉरियर्स का अगला मुकाबला मुंबई इंडियन्स से होगा।

### आरसीबी के विल जैक्स आईपीएल 2023 से बाहर

नयी दिल्ली ,। इंग्लैंड और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के हरफनमौला विल जैक्स चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 से बाहर हो गये हैं।

आरसीबी ने दिसंबर की नीलामी में जैक्स को 3.2 करोड़ रुपये में खरीदा था। मीरपुर में बंगलादेश और इंग्लैंड के बीच खेले गये दूसरे वनडे में फील्डिंग करते हुए जैक्स की मांसपेशियों में चोट लग गयी थी। इस सप्ताह के शुरू में स्कैन और एक विशेषज्ञ के परामर्श के बाद उन्हें आईपीएल से बाहर होने के लिये मजबूर होना पड़ा।

यह चोट जैक्स के लिये बड़ा झटका है। वह आईपीएल में पहली बार खेलते हुए भारतीय परिस्थितियों से परिचित हो सकते थे और वह अक्टूबर–नवंबर में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिये इंग्लैंड की टीम में अपने चयन की दावेदारी मजबूत कर सकते थे।

आरसीबी जैक्स के स्थान पर न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल को लेने पर चर्चा कर रहा है।ब्रेसवेल पहले कभी आईपीएल में नहीं खेले हैं और दिसंबर की नीलामी में भी उन्हें कोई खरीदार नहीं मिला था।

# ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप : सिंधु पहले चरण में बाहर

बर्मिंघम । खराब फॉर्म से गुज़र रहीं भारत की शीर्ष शटलर पीवी सिंधु बुधवार को ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के पहले चरण में चीन की झांग यी मान से सीधे सेटों में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गयीं।



दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट सिंधु अपनी चीनी प्रतिद्वंदी को कोई चुनौती नहीं दे सकीं और 39 मिनट के महिला एकल मुकाबले में 17–21 11–21 से हार गयीं। टखने की चोट से उभरकर जनवरी में कोर्ट में लौटने के बाद से सिंधु तीसरी बार पहले चरण में हारी हैं।

साल के पहले टूर्नामेंट मलेशिया ओपन 2023 में उन्हें स्पेन की कैरोलीना मरीन के हाथों पहले चरण में हार मिली थी। घरेलू टूर्नामेंट इंडिया ओपन में सिंधु को थाईलैंड की सुपानिदा केटथॉन्ग ने परास्त किया था। लगातार नाकामियों के बीच सिंधु ने हाल ही में कोच पार्क ताई–सांग से संबंध समाप्त किये थे।

इससे पूर्व, त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद पुलेला की भारतीय महिला युगल जोड़ी ने 46 मिनट के पहले दौर के मैच में थाईलैंड की जोंगकोलफान कितिथाराकुल और राविंदा प्राजोंगजई की सातवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को 21–18 21–14 से हराया। त्रिशा–गायत्री अब प्री–चर्टर फाइनल में युकी फुकुशिमा और सयाका हिरोटा की जापानी जोड़ी का सामना करेंगी।

ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के मंगलवार के पुरुष एकल मुकाबलों में लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय ने जीत दर्ज करके प्री–चर्टरफाइनल में जगह बनायी थी।

### फीफा विश्व कप 2030 की मेजबानी बोली में शामिल होगा मोरक्को

रबात ,। मोरक्को के सुल्तान मोहम्मद षष्ठम ने घोषणा की है कि उनका देश फीफा विश्व कप 2030 की मेजबानी हासिल करने के लिए स्पेन और पुर्तगाल के साथ संयुक्त रूप से बोली लगाएगा।सुल्तान ने अफ्रीकी फुटबॉल परिसंघ (सीएएफ) को भेजे एक संदेश में कहा कि यह संयुक्त बोली अफ्रीका और यूरोप, उत्तरी और दक्षिणी भूमध्यसागरीय, अफ्रीकी, अरब और यूरो–भूमध्यसागरीय दुनिया को एक साथ लेकर आएगी।

उन्होंने अपने संदेश में कहा कि यह हममें सर्वश्रेष्ठ को सामने लेकर आएगा जो कि प्रतिभा, रचनात्मकता, अनुभव और साधनों का एक वास्तविक मिश्रण होगा। यह संदेश सुल्तान ने रवांडा के किगाली में सीएएफ आउटस्टैंडिंग अचीवमेंट अवार्ड 2022 के अवसर पर अपने संबोधन में दिया।

# गुजरात को परास्त कर प्लेऑफ में मुंबई

मुंबई । कप्तान हरमनप्रीत कौर (51) के विस्फोटक अर्द्धशतक के बाद गेंदबाजों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की बदौलत मुंबई इंडियन्स ने विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में गुजरात जायंट्स को 55 रन से रौंदकर प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली।मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 162 रन बनाये, जिसके जवाब में जायंट्स नौ विकेट के नुकसान पर 107 रन तक ही पहुंच सका।जायंट्स ने कसी हुई गेंदबाजी और फील्डिंग से पहली पारी में ज्यादातर समय अपनी पकड़ मजबूत रखी लेकिन हरमनप्रीत ने 51 रन की पारी खेलकर मुंबई को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। हरमनप्रीत ने 30 गेंद की पारी में सात चौके और दो छक्के जड़े। इसके अलावा यास्तिका भाटिया ने 37 गेंद पर पांच चौकों और एक छक्के के साथ 44 रन बनाये, जबकि नैट सिवर ब्रंट ने 31 गेंद पर पांच चौके और एक छक्का लगाकर 36 रन का योगदान दिया।टूर्नामेंट में अब तक के अपने सबसे छोटे स्कोर की रक्षा करते हुए मुंबई के गेंदबाजों ने कोई चूक नहीं की। पारी की पहली गेंद पर सोफिया डंकली का विकेट गिरते ही जायंट्स का पतन शुरू हो गया जो 18वें ओवर में तनुजा कंवर के आउट होने के साथ समाप्त हुआ।मुंबई की इस विशाल जीत में योगदान देते हुए सिवर ब्रंट और हेली मैथ्यूज़ ने तीन–तीन विकेट लिये। अमेलिया कर को दो जबकि इसी वॉन्ग को एक विकेट हासिल हुआ।

मुंबई ने इस जीत के साथ डब्ल्यूपीएल के प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है। वह ऐसा करने वाली पहली टीम है। दिल्ली कैपिटल्स पांच मैच में आठ अंक के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है जबकि जायंट्स पांच मैच में सिर्फ दो अंक अर्जित करके चौथे स्थान पर है।

जायंट्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी और एशले गार्डनर ने पहले ही ओवर में हेली मैथ्यूज़ को शून्य रन पर आउट कर दिया। विस्फोटक सलामी बल्लेबाजी का विकेट खोने के बाद मुंबई पावरप्ले में सिर्फ 40 रन ही जोड़ सका।

यास्तिका और सिवर–ब्रंट ने मुंबई की पारी को संबल दिया और दूसरे विकेट के लिये 74 रन जोड़े। किम गार्थ ने 11वें ओवर की आखिरी गेंद पर सिवर–ब्रंट को पवेलियन लौटाकर इस साझेदारी को समाप्त किया। रनगति बढ़ाने के प्रयास में यास्तिका भी सात गेंद बाद रनआउट हो गयीं।इस जोड़ी के पवेलियन लौटने के बाद हरमनप्रीत ने मुंबई की पारी को संभाला। उन्होंने अमेलिया कर (13 गेंद, 19 रन) के साथ चौथे विकेट के लिये 51 रन की साझेदारी की। कर के आउट होने के बाद मुंबई के विकेटों की झड़ी लग गयी लेकिन हरमनप्रीत ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी जारी रखी।किम गार्थ ने तनुजा कंवर की गेंद पर पीछे की ओर भागते हुए कर का लाजवाब कैच पकड़ा, जबकि स्नेह राणा ने अपनी ही गेंद पर कैच लपककर इसी वॉन्ग को चलता किया। हुमैरा काज़ी 19वें ओवर में हरमनप्रीत को स्ट्राइक देने की कोशिश में रनआउट हो गयीं।हरमनप्रीत भी आखिरी ओवर में अर्द्धशतक पूरा करने के बाद आउट हुईं। मुंबई ने अंतिम पांच ओवर में पांच विकेट गंवाते हुए 50 रन जोड़े और 20 ओवर में 162/8 का स्कोर खड़ा किया।जायंट्स की सराहनीय गेंदबाजी में गार्डनर ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और चार ओवर में 34 रनन देकर तीन विकेट लिये। इसके अलावा गार्थ, स्नेह राणा और तनुजा कंवर को एक–एक सफलता हासिल हुई।हरमनप्रीत ने अपने गेंदबाजों को एक मजबूत स्कोर दे दिया था। सिवर–ब्रंट ने जायंट्स की पारी की पहली ही गेंद पर विस्फोटक सलामी बल्लेबाज डंकली को पगबाधा आउट करके इस स्कोर को और चुनौतीपूर्ण बना दिया।

## फिल्मी सफर

# रेखा ने मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे में रानी के प्र्रदर्शन की तारीफ की



रेखा मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे में अभिनेत्री रानी मुखर्जी के दमदार प्रदर्शन से चकित हैं। दिग्गज स्टार ने कहा कि रानी ने शाश्वत मां की भूमिका में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है और दुर्गा मां के सभी चेहरों को चित्रित किया है। उन्होंने कहाः मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे, उत्साहजनक और दिल दहलाने वाला दोनों था, मैं शुरूआत से ही अपनी सीट के किनारे पर बैठी थी। बंगाल टाइग्रेस केप्रदर्शन को देखना परम आनंद था, एक मां अपने बच्चों के लिए जी जान से लड़ती है। यह फिल्म दुनिया को देखने के लिए है कि मदर इंडिया क्या है!

रेखा ने आगे कहा, इस बार रानी दुर्गा मां परम मां के सभी चेहरों को चित्रित करने वाली शाश्वत मां की भूमिका में थी, जो अनगिनत बार देखने लायक एक गहन प्रदर्शन है!वह आग से गुजरती है, सीधे हमारे दिल में! अभिनेता और चरित्र को एक दूसरे में घुलते हुए देखना कितना सुखद है!

मैं पूरी कास्ट और क्रू को भी बधाई देना चाहता हूं, विशेष रूप से निर्देशक को! जिम सार्भ का उनके दोषरहित और सीमित प्रदर्शन के लिए विशेष उल्लेख! इस बहादुर फिल्म को देखने के लिए बेहद आभारी और गौरवान्वित हूं, जो इस तथ्य को पुष्ट करती है कि माँ की शक्ति से अधिक शक्तिशाली कुछ भी नहीं है!

## तू झूठी मैं मक्कार के सीन के लिए डिंपल कपाडिय़ा ने रणबीर को जड़े थे 15–20 थप्पड़



अनुभवी अभिनेत्री डिंपल कपाडिय़ा ने हाल ही में रिलीज हुई फिल्म तू झूठी मैं मक्कार में रणबीर कपूर को एक दृश्य को फिल्माते समय लगभग 15–20 बार थप्पड़ मारा। डिंपल कपाडिय़ा फिल्म में रणबीर की मां की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म में एक सीन है जिसमें डिंपल रणबीर को थप्पड़ मारती है लेकिन मजे की बात यह है कि उस खास शॉट में 15–20 रीटेक लगे। फिल्म के निर्देशक लव रंजन ने दूसरे टेक में सटीक शॉट लिया, लेकिन टीम को चिढ़ाने के लिए उन्होंने बार–बार एक और टेक कहा। फिर सब ने डिंपल कपाडिय़ा से पूछा कि क्या वह वास्तव में रणबीर को थप्पड़ मार रही थी। पता चला कि रणबीर की टाइमिंग इतनी परफेक्ट थी कि वह सही समय पर थप्पड़ को डक कर रहे थे। इस पर डिंपल कपाडिय़ा ने करारा जवाब देते हुए कहा, वह ऋषि कपूर के बेटे हैं और वह अपनी टाइमिंग को अच्छी तरह जानते हैं। डिंपल कपाडिय़ा और रणबीर कपूर के बीच ऑन–स्क्रीन बॉन्ड और मां–बेटे की केमिस्ट्री दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। लव रंजन द्वारा निर्देशित, लव फिल्म्स के लव रंजन और अंकुर गर्ग द्वारा निर्मित और टी–सीरीज के गुलशन कुमार और भूषण कुमार द्वारा प्रस्तुत तू झूठा मैं मक्कार सिनेमाघरों में चल रही है।

## कंगना रनौत ने पूरी की चंद्रमुखी 2 की शूटिंग



एक्ट्रेस कंगना रनौत ने चंद्रमुखी 2 की शूटिंग पूरी कर ली और को–स्टार राघव लॉरेंस के लिए एक नोट लिखा। कंगना ने इंस्टाग्राम पर लॉरेंस के साथ एक तस्वीर साझा की और लिखाः मैं आज चंद्रमुखी की शूटिंग पूरी कर ली है, मुझे कई अद्भुत लोगों को अलविदा कहना बहुत मुश्किल लगता है, जिनसे मैं मिली थी, मेरे पास इतना प्यार क्रू था। मेरे पास राघव लॉरेंस सर के साथ कोई तस्वीर नहीं थी क्योंकि हम हमेशा फिल्मी वेशभूषा में होते हैं इसलिए आज सुबह शूटिंग शुरू होने से पहले मैंने एक फोटो के लिए अनुरोध किया। मैं सर से बहुत प्रेरित हूं। उन्होंने एक कोरियोग्राफर के रूप में अपना करियर शुरू किया था, वास्तव में एक बैक डांसर के रूप में, लेकिन आज वह न केवल एक ब्लॉकबस्टर फिल्म सुपरस्टार हैं बल्कि एक अविश्वसनीय रूप से अद्भुत इंसान भी हैं। जा रहा है। आपकी हास्य अद्भुत भावना और मेरे जन्मदिन के लिए सभी उपहारों के लिए धन्यवाद, सर। आपके साथ काम करके बहुत अच्छा समय बीता।2005 में रिलीज हुई फिल्म की प्रीक्वेल में सुपरस्टार रजनीकांत और ज्योतिका सरवनन ने अभिनय किया था।चंद्रमुखी मलयालम फिल्म मणिचित्राथझु की रीमेक थी और इसे हिंदी में अक्षय कुमार–स्टारर भूल भुलैया के रूप में रूपांतरित किया गया था। चंद्रमुखी 2 में, कंगना राजा के दरबार में एक प्रसिद्ध नर्तकी की भूमिका निभाती नजर आएंगी, जो अपनी लुभावनी सुंदरता के लिए जानी जाती है। इस बीच, कंगना के पास तेजस भी है

# अपनी वैल्यू करना सिखाता हैं पॉप कौन में नूपुर सेनन का किरदार



एक्ट्रेस कृति सेनन की बहन सिगर–एक्ट्रे नूपुर सेनन पॉप कौन के साथ ओटीटी पर डेब्यू करने वाली हैं। उन्होंने कहा कि कॉमेडी शो में उसका करेक्टर एक फेमिनिस्ट है, और यह उनके अपने वैल्यू सिस्टम को दर्शाता है। अपने किरदार को निखारने में हर संभव प्रयास करते हुए सेनन ने कहा कि पीहू का किरदार ही असली प्रेरक शक्ति है।शो का नाम हटकर है और इसका आधार फिल्म में कुणाल के किरदार के पिता को ढूंढना है। मेरा किरदार पीहू है। मैं कुणाल की प्रेमिका की भूमिका निभा रही हूं। उनके रिश्ते को खूबसूरती से उकेरा गया है।उन्होंने कहा, शादी के मुकाम तक पहुंचने के लिए वे सभी बाधाओं से गुजरते हैं। जब मैंने स्क्रिप्ट सुनी, मुझे यह किरदार बहुत पसंद आया। वह उनमें से हूं, जो हर चीज में लॉजिक ढूंढती हैं। वह एक फेमिनिस्ट हैं जो एक ऐसा पहलू है जो मेरी अपनी वैल्यू सिस्टम को दर्शाता है। वह बहुत सारे सवाल पूछती है और अपनी राय रखने से कभी पीछे नहीं हटती है। लेकिन उस करेक्टर में एक ऐसा पहलू था जिस पर उन्हें वास्तव में काम करना है। उन्होंने कहाः पीहू का किरदार निभाते वक्त मुझे फिल्म की उन बारीकियों को समझने के लिए काम करना पड़ा। सेट पर होना बहुत खुशी की बात थी, रचनाकारों के साथ काम करना, विशेष रूप से मेरे निर्देशक फरहाद सामजी के साथ काम करना, जिन्होंने मुझे पूरी तरह से निर्देशित किया, यह सुनिश्चित करते हुए कि मैं अपने किरदार की लय को जानती हूं।

# सर्जरी के बाद दीपशिखा नागपाल ने शुरू की शूटिंग



फिल्म और टीवी एक्ट्रेस दीपशिखा नागपाल वर्तमान में 'ना उम्र की सीमा हो' शो में नजर आ रही हैं। हाल ही में उनकी एक बड़ी सर्जरी हुई है। एक्ट्रेस ने इससे उबरने और काम फिर से शुरू करने के अपने अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा, हाल ही में मैं फूड प्वाइजनिंग से बीमार हो गई थी, जिसके कारण मुझे पेट में बहुत दर्द हो रहा था। मैंने एक डॉक्टर से संपर्क किया जहां डॉक्टर ने मुझे जांच कराने के लिए कहा क्योंकि यह दर्द लगातार बना हुआ था। मैंने सोनोग्राफी कराई और पता चला कि मेरे पेट में सिस्ट हैं, जिसका आकार गर्भ में पल रहे 10 सप्ताह के भ्रूण के बराबर था। डॉक्टर ने मुझे इसे को हटाने की सलाह दी और बताया कि अगर इलाज नहीं किया गया तो सिस्ट (गांठ) मेरे स्वास्थ्य को और खराब कर सकती हैं।

चूंकि शो में एक बड़ा ड्रामा सीक्वेंस आने वाला था, इसलिए मैं अपने शेड्यूल से पूरी तरह से पैक थी, इसलिए बिना किसी को बताए मैंने अपने सीन के हिस्से को पूरा किया और अपने छुट्टी वाले दिन का इंतजार किया और फिर सिस्ट को हटाने के लिए सर्जरी करवाई।

दीपशिखा ने फिल्मों और टीवी दोनों में काम किया है। वह 'गैंगस्टर', 'कोयला', 'बादशाह', 'दिल लगी', 'कॉर्पोरेट', 'पार्टनर' जैसी फिल्मों का हिस्सा रही। फिल्में करने के अलावा, उन्होंने 'शक्तिमान', 'विष्णु पुराण', 'सीआईडी', 'शरारत', 'बाल वीर' और कई अन्य टीवी शो में भी काम किया।

उन्होंने कहा, सर्जरी के बाद, डॉक्टर की सिफारिशों और परामर्श के साथ मैंने कुछ दिनों की छुट्टी ली और काम पर वापस आ गयी, जहां मैंने शो के अपकमिंग एपिसोड की शूटिंग को पूरा किया। मैंने बीच–बीच में आराम भी किया। जब क्रूमेंबर्स को मेरी सर्जरी के बारे में पता चला तो उन्होंने मेरा पूरा ख्याल रखा। पूरी टीम काफी मददगार है। मैं धीरे–धीरे ठीक हो रही हूं और एक अभिनेता के रूप में मेरे लिए काम हमेशा प्राथमिकता है, चाहे कुछ भी हो जाए, शो चलते रहना चाहिए।

'ना उम्र की सीमा हो' का प्रसारण स्टार भारत पर होता है।


जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com